कोटद्वार, शुक्रवार
18 जुलाई 2025
वर्षः 47
अंकः 80 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### उत्तरकाशी की सात सड़कें अभी भी बंद

उत्तरकाशी। जिले में लगातार बारिश के कारण सड़कों के आवाजाही के लिए बंद होने का सिलसिला जारी है। जिले की सात आंतरिक सड़कें अभी भी जगह–जगह मलबा व पत्थर गिरने से यातायात के लिए बंद पड़ी है, जिसके चलते आम मुसाफिरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, गंगोत्री और यमुनोत्री हाईवे पर यातायात निर्बाध रूप से जारी है। गुरुवार को बारिश के कारण जिले की तीन सड़कें फिर से मलबा व पत्थर गिरने के कारण बंद हो गई। इनमें जांदणु मोटरमार्ग, नौगांव–स्योरी और ब्रह्मखाल–मांडियासारी मोटरमार्ग शामिल है। जिनको खोलने के लिए विभागीय जेसीबी मशीनें मौके पर कार्य में जुटी है। वहीं तीन सड़कें 29 जुन से बाधित पड़ी है। इसमें कुंसाला–कुपड़ा मोटरमार्ग भी शामिल है, जहां ग्रामीणों को सड़क न खुलने से आवाजाही संबंधी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर, गंगोत्री और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए खुले हैं। जिसके चलते गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की यात्रा भी सुचारू रूप से चल रही है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल गुसांई ने बताया कि बंद मार्गों पर संबंधित विभागीय मशीनें मार्ग खोलने के काम में जुटी हैं।

### जमीन धंसने से 33 केवि की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त, सौ गांवों की बिजली गुल

विकासनगर। लगातार बारिश के कारण त्यूणी क्षेत्र के आसोई पाटन में दोपहर को जमीन धंसने के कारण 33 केवि की विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके चलते सौ से अधिक गांवों में घंटों बिजली गुल हो गई। ऊर्जा निगम ने बामुश्किल शाम को बिजली आपूर्ति बहाल की। गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे पाटन के पास बारिश से जमीन धंस गई। जिससे 33 केवि लाइन के बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। तारें हवा में झूलने लगी। पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण ऊर्जा निगम ने क्षेत्र की सप्लाई बंद कर दी। जिससे करीब पांच घंटे बावर देवधार, फनार, शिलगावं, लखो, बाणाधार, कइलो मशक खत के करीब सौ गांवों में बिजली आपूर्ति ठप रही। पता लगने पर मौके पर पहुंची ऊर्जा निगम की टीम ने पोलों को बदलकर बिजली आपूर्ति बहाल की। ऊर्जा निगम के जेई राज किशोर ने बताया कि 33 केवी लाइन दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त हुई थी। ऊर्जा निगम की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शाम को आपूर्ति सुचारू कर दी।

### चुनाव ट्रेनिंग में जा रहे उपनलकर्मी की हादसे में मौत

विकासनगर। त्यूणी–चकराता राष्ट्रीय राजमार्ग पर कणडोला–चिलहाड के नीचे चुनाव ड्यूटी ट्रेनिंग के लिए जा रहे एक संविदा कर्मी की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई। राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएचसी भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक शमशेर सिंह पुत्र रणवीर सिंह, निवासी ग्राम डेरसा त्यूणी शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में उपनल संविदा कर्मी था। वह गुरुवार को पंचायत चुनाव की ट्रेनिंग के लिए देहरादून जा रहा था। कणडोला बैंड के आसपास दोपहर में तेज बारिश हो रही थी। जिसके चलते उपनल संविदा कर्मी की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक सड़क पर रपट गई। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने 108 के माध्यम से घायल को पीएचसी त्यूणी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने युवक को मृत घोषित किया।

### आंचल ने मानी मांग, भूख हड़ताल समाप्त

देहरादून। आंचल डेयरी में कार्यरत पति के ट्रांसफर को लेकर अंजना कौर ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी है। आंचल प्रशासन ने उनकी मांगों को मान लिया है। प्रबंधन ने बाहरी एजेंसी से मामले की जांच का आश्वासन दिया है। गुरुवार को चेयरमैन भूमि सिंह, प्रधान प्रबंधक सक्षम श्रीवास्तव, निदेशक शीतल नौटियाल धरना स्थल पर पहुंचे और कौर से वार्ता की। उन्होंने मांगे मानकर भूख हड़ताल तुड़वाई। मौके पर सीटू के जिला महामंत्री लेखराज, एससी/एसटी यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मदन लाल, अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष दिलेराम रवि, अशोक कुमार, अनामिका, शिवम, सन्नी, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने मदरसों में स्कॉलरशिप वितरण में हुयी धांधली पर दिए जांच के आदेश

## सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति लेने के बाद मचा हड़कंप



### भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दी गई आवेदकों की जानकारी संदेहजनक प्रतीत हुई है, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से छात्रवृति का प्रकरण भी सामने आया है, जिसकी जांच करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव को निर्देशित किया गया है। देवभूमि में भ्रष्टाचार के मामलों को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय या मदरसा दर्शाकर केंद्रीय सरकार द्वारा पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रकरण की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहनता से जांच करने के आदेश विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिए हैं। अब इस मामले की जांच विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार ऊधम सिंह नगर जिले में 2021-2022 और 2022-2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए ऊधमसिंह नगर जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से 6 मदरसों/शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध पाई गई है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है। यहीं से इस मामले में धांधली होने का मामला सामने आया है क्योंकि एक तो सरस्वती शिशु मंदिर अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं होता दूसरा इसका संचालक मोहम्मद शारिक-अतीक बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल के अनुसार यहां 154 मुस्लिम बच्चों का पढ़ना बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर ये नाम देखकर सरकार भी चौंकी है जिसके बाद ही मुख्यमंत्री धामी ने गहनता से जांच करने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार काशीपुर के नेशनल अकादमी जेएमवाईआईएच एस में पढ़ने वाले 125 मुस्लिम छात्रों और इसके संचालक गुलशफा अंसारी, मदरसा अल जामिया उल मदरिया के 27 बच्चों का और उसके संचालक मोहम्मद फैजान का सत्यापन भी किए जाने के निर्देश जारी किए गए है। इसके अलावा मदरसा अल्बिया रफीक उल उलूम घनसारा बाजपुर के संचालक जावेद अहमद और यहां के 39 बच्चों, संभवतः इसी जावेद अहमद के नाम से गदरपुर के मदरसा जामिया आलिया के 24 बच्चों के बारे में भी दस्तावेज जांचने और मदरसा जामिया रजा उल उलूम बाजपुर के 85 बच्चों और संचालक इरशाद अली के सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। ऊधम सिंह नगर के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी सिंह को इन सभी मामलों की गहनता से जांच पड़ताल करने के लिए सचिव अल्पसंख्यक कल्याण ने निर्देश दिए हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज उत्तराखंड राज्य के ऐसे सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के बारे में आवेदकों के सत्यापन, भुगतान के विषय में बैंक खातों की जानकारी, संचालकों और विद्यार्थियों दोनों के जांचने के निर्देश देते हुए दो हफ्तों में रिपोर्ट देने को कहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

हरिद्वार। तेरह वर्षीय नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में फास्ट ट्रैक विशेष कोर्ट/एडीजे चंद्रमणि राय की कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी रद कर दी है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 28 सितंबर 2023 में सिडकुल क्षेत्र में 13 वर्षीय बालिका लापता हो गई थी। काफी तलाश करने पर नहीं मिली थी। जिसपर पिता ने सिडकुल थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटना के करीब दो माह के बाद बालिका आरोपी युवक के कब्जे से बरामद हुई थी।

तब पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती सुनाई थी। आरोप लगाया था कि युवक उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले गया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इस पर पुलिस ने आरोपी दिलीप मिश्रा पुत्र चतुर्भुज मिश्रा निवासी ग्राम केडवा थाना गोला गोकरनाथ जिला खीरी यूपी के खिलाफ संबधित धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ समय बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया था। वर्तमान में पत्रावली अभियोजन साक्ष्य में चल रही है।

# छांगुर बाबा पर कसा शिकंजा

### यूपी–मुंबई के 14 ठिकानों पर की छापेमारी



नई दिल्ली/बलरामपुर/मुंबई , धर्मांतरण केस में छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन पर शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में 12 और मुंबई में 2 ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी गुरुवार सुबह 5.0 बजे शुरू हुई। ईडी की टीम एक साथ 14 ठिकानों पर जांच–पड़ताल कर रही है। मुंबई में ईडी की टीमें खासकर शहजाद शेख के 2 आवासों पर छापेमारी की है। इनमें बांद्रा ईस्ट में कनकिया पेरिस की 20वीं मंजिल स्थित एफ विंग और माहिम वेस्ट में एलजे रोड, पीतांबर लेन, गैब्रियल बिल्डिंग के पास स्थित रिजवी हाइट्स सीएचएस के फ्लैट नंबर 502 शामिल हैं। छापेमारी के दौरान बांद्रा स्थित आवास पर मौजूद शहजाद शेख से ईडी की टीम पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी नवीन के बैंक खाते से शहजाद शेख के खाते में करीब दो करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ था। धर्मांतरण और हवाला लेनदेन के इस मामले में छांगुर की महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन और नवीन के विभिन्न बैंक खातों की भी गहनता से जांच कर रही है। नीतू के कई बैंक खाते जांच के दायरे में हैं, जिनमें बैंक ऑफ इंडिया, पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई के खाते शामिल हैं। वहीं, नवीन के भारत स्थित कई बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेनदेन का पता चला है, जिनमें पेटीएम बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के खाते शामिल हैं।

जांच के दौरान नवीन घनश्याम रोहरा के नाम पर मौजूद विदेशी बैंक खातों के दस्तावेज भी श्वष्ठ के हाथ लगे हैं। इन खातों में एक्सिस बैंक , एसबीआई , एचडीएफसी बैंक , एक्सिस बैंक, अमीरात एनबीडी बैंक और फेडरल बैंक यूएई के खाते शामिल हैं। इसके अलावा, अल अंसारी एक्सचेंज का आईएनआर खाता और आईसीआईसीआई बैंक का एक विदेशी बैंक खाता भी श्वष्ठ की जांच के दायरे में है।

# कांवडियों से पैक होने लगी ऋषिनगरी,कांवड़ वाहनों को पार्किंग में भेजा जाएगा



ऋषिकेश। ऋषिनगरी कांवड़ियों से पैक होने लगी है। गुरुवार को हाईवे कांवड़ियों से पैक रहा। पैदल और दुपहिया सवार कांवड़ियें भी पहुंचने शुरू हो गये हैं। शुक्रवार को डाक कांवड़ शुरू होने पर हाईवे पर आवाजाही मुश्किल होगी। जल भरकर लौटने वाले कांवड़ियें ऋषिकेश, रायवाला और आसपास के क्षेत्रों से गुजरते हैं, जिससे इन मार्गों पर भारी भीड़ हो जाती है। गुरुवार को तीर्थनगरी में कांवड़ियों की भीड़ देखी गई। रायवाला से लेकर ऋषिकेश, ब्रह्मपुरी, तपोवन, झूला पुल समेत पैदल और नीलकंठ मोटरमार्ग शिवभकतों से पैक रहा। गुरुवार शाम पंचक हटते ही ऋषिकेश में डाक कांवड़िए भी आने शुरू हो गये हैं। आईडीपीएल और हरिद्वार बाईपास मार्ग से दिनभर कांवड़ियों के वाहन दनदनाते हुए नीलकंठ की ओर आते जाते रहे। गुरुवार को कांवडियों के दुपहिया वाहन भी हाईवे पर चलने शुरू हो गये हैं, जबकि शुक्रवार को भारी वाहन भी पहुंचने शुरू हो जाएंगे। ऐसे में हाईवे समेत तमाम मार्ग पांच दिन तक कांवड़ियों से पैक रहेंगे। एसपी देहात एवं कांवड़ नोडल अधिकारी जया बलूनी ने बताया कि शुक्रवार से डाक कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसलिये गुरुवार से ही फोर्स की तैनाती कर दी गई है। विभिन्न स्थानों पर अवरोध लगाकर कांवड़ वाहनों को पार्किंग में भेजा जाएगा। सबसे पहले आईडीपीएल पार्किंग में वाहन पार्क कराए जाएंगे। आईडीपीएल ग्राउंड पैक होने पर चंद्रभागा, खांड गांव और चंद्रभागा नदी के खाली हिस्से में वाहन पार्क कराए जाएंगे।

### बीकॉम में नहीं मिला दाखिला, बीए की कटऑफ 75 फीसदी पहुंची

नैनीताल। डीएसबी परिसर में गुरुवार को सर्वर में दिक्कत के चलते बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में दाखिले नहीं हो सके। जिससे दूर–दराज से आए छात्र–छात्राओं के हाथ निराशा लगी। बीकॉम में प्रवेश लेने को सुबह से ही छात्र कॉलेज परिसर में लाइन लगाकर खड़े रहे। लेकिन सर्वर में आई दिक्कतों के चलते दिनभर में एक भी प्रवेश नहीं हो सका, लेकिन दोपहर तक भी जब सिस्टम नहीं चला, तो उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि तकनीकी टीम को समस्या की सूचना दे दी है। जल्द प्रवेश प्रक्रिया फिर शुरू की जाएगी। बीए में कटऑफ 75 फीसदी तक पहुंची डीएसबी में स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2025–26) में दाखिले के लिए 1180 सीटों पर गुरुवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। बीए की 600 सीटों की कटऑफ सामान्य वर्ग में 75 फीसदी तक पहुंच गई। वहीं, ओबीसी वर्ग के लिए कटऑफ 70.6% और एससी–एसटी वर्ग के लिए 70.2% रही।

# मृतकों के आधार नंबर होंगे निष्क्रिय, यूआईडीएआई ने उठाया बड़ा कदम




नई दिल्ली ,भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अब ऐसे आधार नंबर बंद कर रहा है जो उन लोगों के हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, ताकि उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल न हो सके। आधार नंबर एक 12 अंकों की खास पहचान होती है जो हर भारतीय नागरिक को दी जाती है। लेकिन किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका आधार नंबर बंद करना जरूरी हो जाता है ताकि कोई उसका गलत उपयोग न कर सके।

इस काम को आसान बनाने के लिए यूआईडीएआई ने 9 जून 2025 को 'माय आधारझ् पोर्टल पर एक नई सेवा परिवार के सदस्य की मृत्यु की सूचना शुरू की। इस सेवा के जरिए कोई भी व्यक्ति अपने परिवार के मृत सदस्य की जानकारी देकर उनका आधार नंबर बंद करवाने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए उन्हें अपनी पहचान साबित करनी होगी और मृत व्यक्ति का आधार नंबर, मृत्यु प्रमाण पत्र की जानकारी और अन्य विवरण देने होंगे। यह सुविधा फिलहाल 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हो चुकी है, बाकी राज्यों में भी जल्द शुरू होने की तैयारी है।

इसके अलावा, यूआईडीएआई ने भारत के महापंजीयक (आरजीआई) से आधार नंबरों से जुड़े मृत्यु रिकॉर्ड साझा करने का अनुरोध किया था। यूआईडीएआई के अनुरोध पर भारत के महापंजीयक (आरजीआई) ने अब तक 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) के माध्यम से लगभग 1.55 करोड़ मृत्यु रिकॉर्ड दिए। उचित सत्यापन के बाद करीब 1.17 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। गैर–सीआरएस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ भी इसी तरह की प्रक्रिया जारी है। अब तक लगभग 6.7 लाख मृत्यु रिकॉर्ड मिल चुके हैं और उन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया चल रही है।

यूआईडीएआई मृतक आधार संख्या धारकों की पहचान करने में राज्य सरकारों की सहायता भी ले रहा है। एक पायलट परियोजना के तहत 100 साल से अधिक आयु वाले आधार धारकों का डेमोग्राफिक डेटा राज्यों को भेजा जा रहा है ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि आधार धारक जीवित हैं या नहीं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर ऐसे आधार नंबर को निष्क्रिय करने से पहले जरूरी सत्यापन किया जाएगा।

# बाबा नीम करौली के भक्तों के लिए अच्छी खबर, नैनीताल से कैंची धाम तक बनेगा रोपवे



नैनीताल , उत्तराखंड के नैनीताल आने वाले पर्यटकों और बाबा नीम करौली के भक्तों के लिए अच्छी खबर है। बताया जा रहा है कि नैनीताल से कैंची धाम की यात्रा जल्द ही रोपवे से हो सकेगी। जिला पर्यटन विभाग ने इस योजना का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजा है, जिसमें रूट, लागत, पर्यावरणीय प्रभाव और तकनीकी पहलू शामिल हैं। नैनीताल से कैंची धाम की सड़क मार्ग से दूरी लगभग 17 किलोमीटर है। पर्यटन सीजन या वार्षिक मेले के दौरान इस मार्ग पर भीड़ और जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। ऐसे में रोपवे परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यात्रा को आसान और सुविधाजनक बनाएगी।

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कहा, नैनीताल से काठगोदाम तक रोपवे परियोजना पर पहले से ही विचार चल रहा है, इसकी डीपीआर तैयार है और यूटीडीबी के माध्यम से आगे की प्रक्रिया चल रही है। भवाली और कैंची धाम को रोपवे से जोड़ने के लिए एक और प्रस्ताव भेजा गया है। इसके पीछे का उद्देश्य यही है कि यहां जाने वाले श्रद्धालु या भक्त डेली विजिटर्स हैं और वह वहां रूकने के इरादे से नहीं जाते हैं, जिस वजह से इस रूट पर जाम की समस्या भी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा, हमने सरकार को रोपवे का प्रस्ताव भेजा है, जिसमें नैनीताल से भवाली और कैंची धाम को रोपवे से जोड़ने के लिए परीक्षण करने का सुझाव दिया गया है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा, पहाड़ी क्षेत्रों के लिए रोपवे समय की मांग है। सड़क पर जाम की समस्या के कारण सब कुछ ठप हो जाता है और इस तरह के हालात हमें कैंची धाम में भी दिखाई देते हैं। मुझे लगता है कि रोपवे के शुरू होने से जाम की समस्या से छुटकारा मिल पाएगा।

बता दें कि नैनीताल होटल एसोसिएशन और स्थानीय पर्यटन कारोबारियों की ओर से इस योजना की लंबे समय से मांग की जा रही थी। परियोजना के तहत नैनीताल के स्नो व्यू क्षेत्र से कैंची धाम तक सीधा रोपवे प्रस्तावित है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

### कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर, सात लोगों की मौत

नई दिल्ली , महाराष्ट्र के नासिक जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कार और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर हुई है। इस टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो अन्य लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की भी बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बुधवार देर रात डिंडोरी कस्बे के पास की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को रात 11.57 बजे वाणी–डिंडोरी रोड पर एक नर्सरी के पास सड़क दुर्घटना की सूचना मिली थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों वाहन सड़क किनारे एक छोटी नहर में गिरे पाए गए। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व अन्य एजेंसियां मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान शुरू किया।

# बेंगलुरु भगदड़ मामला : कर्नाटक सरकार ने आरसीबी को ठहराया जिम्मेदार



बेंगलुरु ,एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सम्मान समारोह के दौरान भगदड़ के मामले में कर्नाटक सरकार ने हाई कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। जांच की स्टेटस रिपोर्ट में इस घटना का दोष आरसीबी मैनेजमेंट पर डाला गया है। कर्नाटक सरकार ने रिपोर्ट में गंभीर खामियों और कुप्रबंधन की ओर इशारा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यक्रम के आयोजक, डीएनए ने 2009 के सिटी ऑर्डर के अनुसार औपचारिक अनुमति लिए बिना ही पुलिस को 3 जून को विक्ट्री परेड के बारे में सूचित किया। परिणामस्वरूप, पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद, आरसीबी ने सार्वजनिक रूप से कार्यक्रम का प्रचार किया। 4 जून को, उन्होंने सोशल मीडिया पर खुले तौर पर निमंत्रण शेयर किए। इसमें विराट कोहली की एक वीडियो अपील भी शामिल थी, जिसमें प्रशंसकों को 'फ्री एंट्री' वाले समारोह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में 3 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ उमड़ी, जो उम्मीद और भीड़ को मैनेज करने की क्षमता से कहीं ज्यादा थी। रिपोर्ट में बताया गया कि आयोजन वाले दिन दोपहर 3 बजकर 14 मिनट पर आयोजकों ने अचानक घोषणा कर दी कि स्टेडियम में एंट्री के लिए पास की जरूरत होगी।

# पेट्रोल–डीजल जल्द होगा सस्ता, कीमतों में होगी भारी कटौती?



नई दिल्ली। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि अगर मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की कीमतें मौजूदा 65 डॉलर के आसपास बनी रहीं तो तीन–चार महीनों में देश में पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों में कमी आ सकती है। देश में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र पर आयोजित सबसे बड़े सेमिनार 'ऊर्जा वार्ता–2025' को संबोधित करते हुए पुरी ने कहा कि सरकारी क्षेत्र की सभी तेल कंपनियों के पास 21 दिनों का भंडार है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत 67 डॉलर प्रति बैरल रहीं।

**अमेरिका का दवाब दरकिनार**

वैश्विक स्तर पर भारी अनिश्चितता के बावजूद भारत में कमोवेश पिछले साढ़े तीन वर्षों में पेट्रोल, डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर रही हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने अमेरिका की तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के बढ़ते दबाव को दरकिनार किया है।

**भारत के पास पर्याप्त तेल भंडार**

उन्होंने कहा कि हम अपनी जरूरत के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में जहां एनर्जी उपलब्ध होती है, वहां से खरीद रहे हैं और आगे भी ऐसा किया जाएगा। जहां तक किसी एक देश से तेल खरीदने की बात है तो अभी अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कच्चे तेल के पर्याप्त विक्रेता है और भारत के पास पर्याप्त तेल भंडार भी है।

**रूस मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ**

उन्होंने कहा कि भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है और इसे रिफाइनरियों में पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत तौर पर पश्चिम एशिया मुख्य स्त्रोता था, लेकिन रूस लगभग तीन सालों से मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

### संदिग्ध हालात में मिला बरेली के युवक का शव

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में नाले से संदिग्ध परिस्थितियों में बरेली के एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जिस हालत में युवक का शव मिला है, उससे हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मृतक के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। गुरुवार को ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को सूचना मिली कि आजादनगर में एक युवक का शव नाले में पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। युवक का शव उल्टा पड़ा था और उसका सिर व छाती का हिस्सा प्लास्टिक में लिपटा हुआ था। उसके पैर नाले के बाहर निकले नजर आ रहे थे। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 से 30 साल के बीच होगी। उसके पास से आधार, एटीएम कार्ड और कुछ कागज मिले हैं। आधार कार्ड में देवरतन सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी तजुआ बरेली नाम दर्ज था। पुलिस ने इस नाम और पते की तस्दीक की। इसके बाद परिजनों से संपर्क किया गया। परिजनों को सूचना मिलने के बाद वह रुद्रपुर आए और उन्होंने शव की शिनाख्त देवरतन के रूप में की।

# जयपुर के दादिया में गरजे अमित शाह : राजस्थान में पेपरलीक माफिया पर कसा शिकंजा



जयपुर ,। शहर से करीब 22 किलोमीटर दूर दादिया गांव में आयोजित सहकारिता सम्मेलन में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को राज्य और देश की राजनीति को लेकर कई तीखे बयान दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान लंबे समय तक पेपरलीक जैसी समस्याओं से जूझता रहा, लेकिन अब भजनलाल सरकार ने स्ढ्ढञ्ज का गठन कर इस माफिया तंत्र के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है। इससे यह स्पष्ट संकेत गया है कि अब सरकारी भर्तियों के नाम पर किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में देश बार–बार आतंकी हमलों का शिकार होता रहा। चाहे मुंबई हो या जम्मू–कश्मीर, हर बार निदोषों की जान गई। लेकिन मोदी सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान में घुसकर उनके आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। इससे पहले उरी और पुलवामा हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब दिया गया था।

सभा में अमित शाह ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से गांव, गरीब और किसान को सशक्त बनाने का काम हो रहा है। दादिया में आयोजित इस सम्मेलन में राज्य भर से सहकारी समितियों से जुड़े किसान और कार्यकर्ता पहुंचे थे। शाह ने यहां सहकारी संस्थाओं को पुलिस के 100 नए वाहन सौंपे और सहकारी उत्पादों की प्रदर्शनी भी देखी। इसके अलावा सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं को उन्होंने नियुक्ति पत्र भी सौंपे।

इससे पहले दिन में शाह जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे थे, जहां से उन्हें हेलिकॉप्टर के जरिए दादिया रवाना होना था। लेकिन खराब मौसम के कारण उड़ान संभव नहीं हो सकी।

# सम्पादकीय

## पाठ्यक्रम में गीता

उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों में राज्य सरकार ने गीता को पाठ्यक्रम के तौर पर शामिल करने का फैसला किया है और इसके लिए सभी प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की राय ली जा रही है। पवित्र गीता हिंदू धर्म की एक पवित्र पुस्तक है और जब बात हिंदू धर्म से जुड़ी हुई हो तो हिंदुस्तान में ऐसे लोगों और राजनीतिक दलों की कमी नहीं है जो एक खास वर्ग को प्रसन्न करने के लिए अपने ही धर्म का विरोध करने से पीछे नहीं हटते। उत्तराखंड सरकार द्वारा पाठ्यक्रम में गीता को शामिल करने के फैसले का विरोध भी कहीं ना कहीं इसी सोच का परिणाम है अन्यथा गीता की महिमा तो पूरे विश्व में विख्यात है। विश्व के बड़े–बड़े नेताओं से लेकर कई वैज्ञानिक संस्थाओं ने भी गीता के सार को अपने दैनिक जीवन में अपनाया है और वास्तविक तौर पर एक बड़े परिवर्तन को महसूस भी किया। न जाने कितने ही दशकों से हमारे पाठ्यक्रम में उन आक्रांताओं को महान योद्धा बनाकर पेश किया जा रहा है जिन्होंने भारत देश की संस्कृति धर्म और सभ्यता को नष्ट करने का प्रयास किया। ब्रिटिश काल के दौरान मैकाले की शिक्षा पद्धति ने तो भारत की मूल शिक्षा पद्धति को गर्त में ही डाल दिया और आज तक ब्रिटिश मैकाले का शिक्षा ज्ञान निजी स्कूलों के माध्यम से उच्च जीवन स्तर का पैमाना बन गया है। इधर उत्तराखंड सरकार ने गीता को सरकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने का सराहनीय कदम उठाया है तो विपक्ष के खेमे में भूचाल तो आना ही था। खास तौर से कांग्रेस इस फैसले को लेकर काफी छटपटाती हुई नजर आ रही है और इसका कारण समझ भी आता है। कांग्रेस सरकार के एक पूर्व मुख्यमंत्री तो उत्तराखंड में मुस्लिम विश्वविद्यालय की घोषणा तक कर बैठे थे लेकिन प्रदेश भर में हुए उनके विरोध ने उन्हें प्रदेश में उनकी जगह भी बता दी। असल में तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को ही पाठ्यक्रम में गीता पढ़ने से दिक्कत हो रही है। उत्तराखंड देवों की भूमि है और यहां मुस्लिम विश्वविद्यालय स्थापित करने से कहीं अधिक प्रासंगिक गीता का अध्ययन कराना है। साफ है कि गीता आधारित स्कूली पाठ्यक्रम के लिए देवभूमि से बेहतर कोई राज्य नही हो सकता। भारतीय संस्कृति, दैनिक जीवन के कर्तव्य और सामाजिक प्रेरणा देने वाले प्रसंगों की बात करें तो श्रीमद भगवद गीता से बेहतर कोई पाठ्य सामग्री नही है। कतिपय इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार ने भावी पीढ़ी को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का निर्णय सरकार ने लिया होगा। लिहाजा जब तक इसका पाठ्यक्रम पूरी तरह से तैयार नहीं होता तब तक स्कूलों की प्रार्थना में गीता के श्लोकों और प्रसंगों का उच्चारण करना सर्वथा उचित है। गीता को कर्म आधारित ज्ञान दर्शन का सर्वश्रेष्ठ संयोजन माना गया है, जिसका दैनिक जीवन में पढ़ाया जाना हमारे नौनिहालों और देश के भविष्य बहुत लाभकारी साबित होगा और अब सरकार को आक्रांताओं के गुणगान को सिरे से हटाते हुए भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का विस्तार पाठ्यक्रमों के माध्यम से किया जाना चाहिए। कांग्रेस के जो नेता पाठ्यक्रम के विरोध में बोल रहे हैं निश्चित तौर पर उनके घर में भी गीता का अहम स्थान होगा लेकिन जब बात राजनीति की हो तो किस प्रकार से तुष्टिकरण सर पर सवार हो जाता है यह इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं में देखा जा रहा है।

# भारतीय रेल का 'डिजिटल सुरक्षा' के युग में प्रवेश

उत्तर रेलवे में किए गए सफल प्रायोगिक परीक्षण के बाद अब यह परियोजना मिशन मोड में देशव्यापी स्तर पर लागू की जा रही है। कुल मिलाकर 4 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे, 74,000 यात्री कोच, और 15,000 लोकोमोटिव–ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि एक चौकस और जिम्मेदार रेलवे तंत्र की बुनियाद हैं। प्रवेश द्वारों, आवागमन गलियारों, और इंजन के सभी कोणों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जो अब रेलवे को "लापरवाही की पटरी" से हटाकर "सतर्क निगरानी के ट्रैक" पर ले आएंगे। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है–यात्रियों की निजता के प्रति संवेदनशीलता और तकनीक का विवेकपूर्ण प्रयोग। यह बात काबिले तारीफ है कि इन कैमरों को सीटों के पास या निजी स्थानों से दूर लगाया जाएगा, जिससे यात्रियों की गोपनीयता बनी रहेगी। वहीं, ये कैमरे 100 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार वाली ट्रेनों में भी उच्च गुणवत्ता वाली रिकॉर्डिंग कर सकेंगे। रेलवे की यह भी योजना है कि भविष्य में इन कैमरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जाए ताकि संदिग्ध गतिविधियों की स्वचालित पहचान और अलर्ट संभव हो सके। इस महत्वाकांक्षी योजना के स्पष्ट उद्देश्य है।

**सुषमा थपलियाल**

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक ऐसा ऐलान किया है, जिसे न केवल एक तकनीकी सुधार, बल्कि जनविश्वास निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरगामी कदम कहा जाना चाहिए। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा घोषित यह योजना–जिसके तहत देशभर की सभी ट्रेनों के डिब्बों और इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे–रेल यात्रा को न केवल अधिक सुरक्षित बनाएगी, बल्कि यह रेलवे प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का भी प्रमाण है। यह फैसला केवल यात्री सुविधाओं का विस्तार नहीं, बल्कि 'डिजिटल सुरक्षा' के युग में प्रवेश का स्पष्ट संकेत है।

उत्तर रेलवे में किए गए सफल प्रायोगिक परीक्षण के बाद अब यह परियोजना मिशन मोड में देशव्यापी स्तर पर लागू की जा रही है। कुल मिलाकर 4 लाख से अधिक सीसीटीवी कैमरे, 74,000 यात्री कोच, और 15,000 लोकोमोटिव–ये केवल आंकड़े नहीं, बल्कि एक चौकस और जिम्मेदार रेलवे तंत्र की बुनियाद हैं। प्रवेश द्वारों, आवागमन गलियारों, और इंजन के सभी कोणों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जो अब रेलवे को "लापरवाही की पटरी" से हटाकर "सतर्क निगरानी के ट्रैक" पर ले आएंगे। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता है–यात्रियों की निजता के प्रति संवेदनशीलता और तकनीक का विवेकपूर्ण प्रयोग। यह बात काबिले तारीफ है कि इन कैमरों को सीटों के पास या निजी स्थानों से दूर लगाया जाएगा, जिससे यात्रियों की गोपनीयता बनी रहेगी। वहीं, ये कैमरे 100 किमी प्रति घंटे से अधिक रफ्तार वाली ट्रेनों में भी उच्च गुणवत्ता वाली रिकॉर्डिंग कर सकेंगे। रेलवे की यह भी योजना है कि भविष्य में




इन कैमरों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जोड़ा जाए ताकि संदिग्ध गतिविधियों की स्वचालित पहचान और अलर्ट संभव हो सके। इस महत्वाकांक्षी योजना के स्पष्ट उद्देश्य है। जहर खुरानी, चोरी, छेड़छाड़, और उत्पीड़न जैसी घटनाओं पर निगरानी से प्रभावी अंकुश लगेगा और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी सुगम हो सकेगी। सीसीटीवी की सतत उपस्थिति अपने आप में एक निवारक प्रभाव डालेगी, जिससे महिलाएं अधिक सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरी यात्रा कर सकेंगी। चाहे वह आग हो, चिकित्सा संकट या ट्रेन में कोई दुर्घटना–हर परिस्थिति में दृश्य प्रमाण अधिकारियों को तत्काल निर्णय लेने में सहायक होंगे। किसी भी घटना की निष्पक्ष जांच के लिए फुटेज निर्णायक सिद्ध होंगे, जिससे न केवल झूठे आरोपों से बचाव होगा, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यह पहल ट्रेन को अब केवल यात्रा का साधन नहीं, बल्कि एक गतिशील, जागरूक और तकनीकी रूप से समर्थ निगरानी प्रणाली में बदल देगी–जहां हर यात्री सुरक्षित है, और हर घटना भी दर्ज है। बेशक, इस पूरी योजना के क्रियान्वयन में तकनीकी और प्रशासनिक चुनौतियाँ होंगी। डेटा स्टोरेज, प्राइवेसी से जुड़े कानूनी मुद्दे, और मौजूदा रेलवे नेटवर्क में इन कैमरों का समावेश जैसी जटिलताएं रास्ते में आएंगी, लेकिन अगर इच्छाशक्ति सच्ची हो और उद्देश्य स्पष्ट, तो समाधान निकलना निश्चित है। पिछले कुछ वर्षों में रेलवे ने जिस प्रकार बुनियादी ढांचे, स्टेशन सुधार, और डिजिटल सेवाओं को प्राथमिकता दी है, वह यह दर्शाता है कि यह विभाग अब सिर्फ रेल नहीं चला रहा, बल्कि राष्ट्र को गति दे रहा है। दरअसल, यह भी ज़रूरी है कि इस पूरी प्रणाली को केवल "सरकारी निगरानी" के रूप में न देखा जाए, बल्कि इसे "साझा सामाजिक जिम्मेदारी" के तौर पर स्वीकार किया जाए। कुल मिलाकर इस निर्णय की जनभागीदारी से निगरानी एकतरफा नहीं रहेगी, बल्कि सहभागिता आधारित होगी–जहां ट्रेन में चढ़ते ही हर यात्री को यह विश्वास होगा कि अब हम अकेले नहीं हैं, देश की नज़र हमारे साथ है।

# चटोरे लोगों के लिए बड़ी चेतावनी !

**आशा शर्मा**

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समोसा, जलेबी, वडा पाव इत्यादि खाद्य पदार्थों पर चेतावनी देने के निर्देश दिए हैं कि इसमें कितनी तेल और शुगर वापरी गई है। भारत एक युवा देश है लेकिन हमारे युवा जंक फूड और अस्वास्थ्यकारक खाद्य पदार्थ खाने के आदी हो गए हैं। अनेक वजहों से उन्हें घर का सात्विक भोजन पसंद नहीं आता। जाहिर है यह समस्या बीमारी का रूप ले चुकी है। क्या कभी सोचा है कि एक समोसे में 362 कैलोरी और 28 ग्राम फैट, एक जलेबी में शुगर का खतरनाक स्तर, और एक वड़ा पाव में लगभग 263 कैलोरी आपके शरीर के साथ क्या कर रहे हैं ? यही नहीं, हमारे बच्चों के टिफिन बॉक्स में रोज़ाना जो नूडल्स, पास्ता, बर्गर और सैंडविच जाते हैं, उनमें छिपी वसा और चीनी धीरे–धीरे हमारे समाज को बीमार और कमजोर बना रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि भारत में मोटापे के मामले पिछले दस वर्षों में दोगुने हो चुके हैं। 5 से 19 साल के बच्चों में 14 फीसदी से अधिक अब मोटापे या ओवरवेट श्रेणी में आते हैं। ये आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं, आने वाले समय में होने वाले मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर के खतरे की घंटी हैं। इस पृष्ठभूमि में भारत सरकार का स्वास्थ्य मंत्रालय जो कदम उठा रहा है, वह स्वागत योग्य है। समोसा, जलेबी, वड़ा पाव जैसे लोकप्रिय स्नैक्स पर सिगरेट जैसी चेतावनी लगाने की योजना एक साहसिक पहल है। योजना के तहत केंद्रीय संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर "ऑयल और शुगर बोर्ड" लगाए जाएंगे, जिन पर स्पष्ट रूप से लिखा होगा कि इस भोजन में कितनी कैलोरी, कितनी वसा और कितनी चीनी है। यह पहल नागपुर के एम्स सहित कुछ संस्थानों से शुरू हो रही है। लेकिन सवाल यह है–क्या सिर्फ बोर्ड लगाने से आदतें बदलेंगी? भारत में साक्षरता और भाषाई विविधता को देखते हुए विशेषज्ञ मानते हैं कि "हेल्थ स्टार रेटिंग" नहीं, बल्कि सीधे चेतावनी लेबल जरूरी हैं। चिली, मेक्सिको जैसे देशों में यह मॉडल सफल रहा है, जहां चीनी और फैट की खपत में उल्लेखनीय कमी आई। भारत को भी यही करना होगा। मगर केवल लेबल और बोर्ड पर्याप्त नहीं।

हमें जनजागरण की लहर उठानी होगी। क्योंकि सबसे ज्यादा खतरे में हैं हमारे बच्चे ! जो देश का भविष्य हैं। आज उनका बचपन जंक फूड में डूबा है। अगर यह नहीं बदला तो उनकी कार्यक्षमता, उनकी सेहत, और आगे चलकर देश की आर्थिक प्रगति पर असर पड़ेगा। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा है। इसलिए सरकार के साथ–साथ सामाजिक संस्थाएं, अभिभावक, स्कूल और मीडिया सबको मोर्चा संभालना होगा। टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य अभियानों को आक्रमक तरीके से चलाना होगा। बच्चों को यह सिखाना होगा कि स्वाद से बढ़कर सेहत है। आज हम अगर चुप रहे तो कल हमें मोटापे, बीमारियों और चिकित्सा खर्च के पहाड़ के नीचे दबना होगा। सवाल सिर्फ समोसे, जलेबी या बर्गर का नहीं है, सवाल है आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भारत का। अब समय आ गया है कि स्वाद के नाम पर जहर पर कड़ी चेतावनी लगे और लोग जागरूक हों।

# ज्ञान और शाश्वत शिक्षा

**अर्जुन राम मेघवाल**

भारत की सांस्कृतिक विरासत हमें मानवीय मूल्यों से परिचित कराती है तथा ज्ञान और शाश्वत शिक्षा प्रदान करती है। इसका विविध एवं सर्वव्यापी स्वरूप सामूहिक चेतना को जागृत करता है जिसकी अभिव्यक्ति भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों के रूप में होती है। ये त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हैं बल्कि ये हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव तथा वैज्ञानिक सोच एवं आध्यात्मिक चिंतन से जुड़े हैं। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा ही विशेष अवसर है जो हमें इतिहास में घटित घटनाओं के बारे में रूककर विचार करने और उन्हें समझने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करता है कि विगत की परिस्थितियों में अब क्या बदलाव आया है, किन बातों को हम अभी भी अपनाए हुए हैं और हमने अपने पीछे क्या कुछ छोड़ दिया है? हमने व्यक्ति के रूप में कितनी और सामूहिक रूप में कितनी उपलब्धियां हासिल की हैं? अपनाने और छोड़ने के इस दौर में हमारा साथ किन लोगों ने सबसे अधिक दिया? जीवन के उथल–पुथल एवं दुख से भरे समय में जबकि हमारा काफी अधिक पतन हो सकता था वैसे अस्थिर समय में किसने हमारा साथ दिया? ये सभी ऐसे प्रश्न हैं जिनके समाधान के लिए हमें गुरु या एक पथ–प्रदर्शक शक्ति की सर्वाधिक अहम भूमिका होती है चाहे वह कोई व्यक्ति हो, सिद्धांत हो या हमारे अंतर्मन की शक्ति हो जो हमारी जीवन यात्रा के दौरान सर्वाधिक शक्तिशाली मित्र के रूप में हमारा साथ निभाती है। समय की कसौटी पर खरे उतरे वे कौन से सिद्धांत हैं, जो हमें जीवन के पथ पर एक संतुलित यात्री बने रहने में सफल बनाते हैं। हमारे जीवन की इन सभी विविध परिस्थितियों के बीच प्रायः अदृश्य अथवा दृश्य, मूर्त या अमूर्त ऐसी शक्तियां होती हैं चाहे वो किसी पथ–प्रदर्शक का हाथ हो या कोई दिव्य विचार हो, मां का सानिध्य हो, शिक्षक के ज्ञान भरे शब्द हों या किसी मित्र का साथ हो जो हमारा पथ–प्रदर्शक बन जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा ऐसे सभी शक्तियों को चाहे वह दृश्य हों अथवा अदृश्य, जो हमारा मार्गदर्शन करती हों, हमें सही रूप में ढालती हों और हमारे जीवन में उन्नति के पथ पर हमारा साथ देती हों, सभी को सम्मानित करने का एक पवित्र अवसर है।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार व्यक्ति के जीवन और उसके सामाजिक मूल्यों को एक सही रूप में ढालने में गुरु की भूमिका को सम्मानित करने की एक शाश्वत परंपरा है। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के इस दिन का गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा सामयिक महत्व है क्योंकि इसी दिन आदिगुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसी दिन महर्षि वेदव्यास की जन्म जयंती भी मनाई जाती है। इसके साथ ही, पूर्णिमा के दिन से चतुर्मास आरंभ होते हैं जो मानसून के दौरान के पवित्र चार महीने हैं जबकि साधु–संत किसी एक ही स्थान पर रहकर अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इस दिन चांद के शीतल प्रकाश की ऊर्जा हमारे आंतरिक मन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करती है। गुरु पूर्णिमा का यह त्योहार हमें उन लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने हमारे मन में ज्ञान की ज्योति जगाई है।

संस्कृत शब्द गुरु दो शब्दों गु (अंधकार) और रु (हटाना) का संयोजन है जिसका अर्थ होता है एक ऐसा व्यक्ति जो हमारे मन से अंधकार अर्थात अज्ञानता को दूर करता हो। प्राचीन वैदिक परंपरा में गुरु शिष्य परंपरा शिक्षा का आधार थी। गुरुकुल में शिक्षार्थियों को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करके उन्हें विचारशील बनाया जाता था तथा नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उनकी नैतिक दुविधाओं का समाधान किया जाता था। गुरुकुल में शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षार्थियों को कर्म के माध्यम से मूल्य आधारित जीवन जीने व चरित्र निर्माण करने के लिए निरंतर प्रेरित करने की प्रक्रिया थी। गुरु के महत्व और महानता को केवल शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता। गुरु मात्र एक शिक्षक ही नहीं होते बल्कि उनकी उपस्थिति ही एक ऐसी जीवंत शक्ति, एक ऐसी अनुभूति होती है जो शक्ति, मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक निरंतर स्रोत होती है। जिस प्रकार पूर्णिमा संपूर्णता, शुद्धता और प्रकाश का प्रतीक है ठीक उसी प्रकार गुरु में भी वैसी ही महानता होती है और गुरु भी ज्ञान से संपूर्ण, निष्कपट और मन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के स्रोत होते हैं।

प्रसिद्ध संत कबीर ने गुरु की तुलना कुम्हार से और शिष्य की तुलना मिट्टी के कच्चे बर्तन से करते हुए कहा है कि,

गुरु कुम्हार है, शिष्य कुंभ है, गढ़ि–गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट॥

इसका अर्थ हैः गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी का घड़ा है। जिस प्रकार कुम्हार घड़े को भीतर से हाथ का सहारा देकर और बाहर से चोट मारकर गढ़ता है, उसी प्रकार गुरु भी शिष्य को भीतर से प्रेम, करुणा और ज्ञान का सहारा देकर और बाहर से डांट–फटकार लगाकर उसकी बुराइयों को दूर करता है और उसे अनुशासित व परिष्कृत करता है।

गुरु एक छिपे हुए और कभी भी खत्म न होने वाले ज्ञान का भंडार है – उनके आशीर्वाद मौन होते हुए भी जीवन में आमूल बदलाव लाने वाले होते हैं और शिष्य के मन में सच्चाई और अच्छाई से जुड़े मूल्यों से युक्त ज्ञान व बुद्धिमत्ता भरते हैं। रामायण काल में विश्वामित्र और भगवान राम के बीच तथा भक्तिकाल में गुरु रविदास और मीरा बाई, रामानंद और कबीर, गुरु नानक देव जी और उनके बाद हुए गुरुओं के बीच का संबंध–सभी भारतीय सभ्यता में आध्यात्मिक और बौद्धिक आदान–प्रदान की अमिट विरासत के उदाहरण हैं।

# फिल्म जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल को मिली नई रिलीज डेट, कानूनी लड़ाई भी हुई खत्म

कई हफ्तों के विवाद के बाद मलयालम फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरलझ् की नई रिलीज डेट का एलान हो गया है। पहले यह फिल्म 20 जून को रिलीज होने वाली थी। कानूनी लड़ाई के बाद फिल्म को यूए 16 सर्टिफिकेट दिया गया है और इसे रिलीज करने की इजाजत दे दी गई है। ऐसे में अभिनेता सुरेश ने सोशल मीडिया पर फिल्म की रिलीज की नई तारीख का एलान किया है।



फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरलझ् 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए फिल्म निर्माताओं ने लिखा हर देरी के पीछे... एक सच्चाई छिपी है, जिसके लिए लड़ना जरूरी है। आखिर में हमेशा सच की जीत होती है। जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरल को यूए 16 सर्टिफिकेट मिला है। यह दुनियाभर में 17 जुलाई को रिलीज होगी।

सुपरस्टार सुरेश गोपी अभिनीत मलयालम फिल्म 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरलझ् की रिलीज को सेंसर बोर्ड ने रोक दिया था। यह फैसला फिल्म का शीर्षक बदलने की मांग के बाद लिया गया था। फिल्म निर्माताओं ने बताया कि सेंसर बोर्ड ने उनसे कहा था कि इस फिल्म का शीर्षक बदला जाए। उन्होंने इसके पीछे तर्क दिया था कि यह नाम देवी सीता के नाम से जुड़ा हुआ है। सेंसर बोर्ड को आपत्ति थी कि एक ऐसी महिला के किरदार के लिए, जो यौन उत्पीड़न का सामना करती है, 'जानकीझ् नाम का इस्तेमाल करना अनुचित है।

सेंसर बोर्ड की इस मांग पर फिल्म निर्माताओं ने जवाब दिया कि अगर फिल्म का शीर्षक बदला जाता है तो फिल्म के संवाद में जो नाम लिए गए हैं उन्हें भी बदलने की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में 'जानकी वर्सेज स्टेट ऑफ केरलझ् के निर्माता ने केरल हाईकोर्ट का रुख किया और फिल्म में बदलाव के फैसले को चुनौती दी।

## न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में हराया, टिम रॉबिन्सन ने खेली विस्फोटक पारी

नई दिल्ली, 17 जुलाई। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच जिम्बाब्वे टी20 ट्राई सीरीज का दूसरा मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया. इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम को 21 रनों से हरा दिया है. इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए टिम रॉबिन्सन को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला.इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 175 रन बनाए. दक्षिण अफ्रीका की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.2 ओवर में 152 रनों पर ढेर हो गई और 21 रनों से मैच गंवा बैठी. ये ट्राई सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की पहली हार है जबकि न्यूजीलैंड की पहली जीत है.इस मैच में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने सबसे ज्यादा रन बनाए. उन्होंने 18 बॉल में 1 चौके और 3 छक्कों के साथ 35 रनों की पारी खेली. उनके अलावा जॉर्ज लिंडे ने 20 बॉल में 1 चौके और 2 छक्कों के साथ 30 रनों की पारी खेली. टीम के लिए लुआन–ड्रे प्रीटोरियस ने 27 रनों का योगदान दिया.

# बार्सिलोना ने मेसी की नंबर 10 जर्सी 18 वर्षीय खिलाड़ी को सौंपी, 2031 तक मचाएंगा धमाल

नईदिल्ली , स्पेन के 18 वर्षीय फुटबॉलर लामिन यामल इन दिनों काफी सुर्खियों में हैं, उनके इस चर्चे की वजह उनका ग्राउंड पर खेल नहीं बल्कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी के जर्सी नंबर 10 को हासिल करना है. दरअसल बार्सिलोना के सनसनीखेज युवा खिलाड़ी लामिन यामल को आधिकारिक तौर पर क्लब की प्रतिष्ठित नंबर 10 जर्सी सौंप दी है, जिसे कभी दिग्गज लियोनेल मेसी पहना करते थे. इसके अलावा क्लब ने उनका अनुबंध 2031 तक बढ़ा दिया है.




लामिन यामल ने यह जर्सी अंसु फाति से ली है, जो हाल ही में एक सीजन के लिए क्लब में शामिल हुए थे. इसके साथ यमल, मेसी, रोनाल्डिन्हो, रिवाल्डो, रोमारियो और डिएगो माराडोना के बाद, क्लब में नंबर 10 जर्सी पहनने वाले दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं. इससे पहले यमाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके इस खबर को चर्चा में ला दिया था. पोस्ट में जर्सी नंबर 10 में माराडोना, रोनाल्डिन्हो और मेसी की तस्वीरें थीं. जिसने प्रशंसकों में अटकलों को जन्म दिया था. जिसकी अब पुष्टि हो गई है.बता दें कि अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने 2008 और 2021 के बीच क्लब में ये नंबर पहना था, जिस दौरान उन्होंने क्लब के इतिहास में सबसे महान खिलाड़ी के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया. लेकिन उनके जाने के बाद, अंसु फाति को यह शर्ट विरासत में मिली, लेकिन वो चोटों और निरंतरता के कारण संघर्ष करते रहे, जिससे यमल को आगे बढ़ने का मौका मिला. लामिन यमाल ने 2022–23 में 41 नंबर की जर्सी पहनकर क्लब में पदार्पण किया था. वो बार्सिलोना और स्पेनिश राष्ट्रीय टीम, दोनों में तेजी से एक मुख्य खिलाड़ी बनकर उभरे हैं. बाद में उन्होंने 27 नंबर और फिर 19 नंबर की जर्सी पहनी. यमाल ने बार्सिलोना के लिए अब तक 106 मैच खेल चुके हैं. जिसमें उन्होंने 25 गोल किए. जिससे टीम को दो ला लीगा खिताब, एक कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपरकोपा जीतने में मदद मिली है.

# विनीत कुमार सिंह की नई सीरीज रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी



प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली रंगीन नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेट-फॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं। जुलाई 2025 में प्राइम पर नई सीरीज रंगीन आ रही है। प्राइम वीडियो ने पोस्ट में फिल्म मेकर प्रांजल दुआ और कोपल नैथानी को टैग किया है। इसके अलावा पोस्ट में निर्देशक कबीर खान को टैग किया गया है। इससे अंदाजा लग रहा है कि सीरीज के साथ ये लोग भी जुड़े हों। पोस्ट के साथ एक पोस्टर भी शेयर किया गया है। इस पर विनीत कुमार सिंह की तस्वीर बनी है।

## फिल्म ओजी का नया पोस्टर आउट, पवन कल्याण का दिखा सबसे घातक अवतार

डीवीवी एंटरटेनमेंट ने अपनी मेगा एक्शन फिल्म ओजी का नया पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें पवन कल्याण उर्फ गंभीर के सबसे खतरनाक अवतार की झलक मिलती है। तेलुगु सिनेमा में सनसनी मचाने आ रही है एक नई मेगा एक्शन फिल्म ओजी, और डीवीवी एंटरटेनमेंट ने इसके धमाकेदार नए पोस्टर से फैन्स की धड़कनें तेज़ कर दी हैं। बारिश में भीगे, बंदूक लिए और 'खत्म हुई फायरिंगझ् जैसी चेतावनी के साथ खड़े पवन कल्याण का लुक न सिर्फ रौबदार है, बल्कि यह उनके करियर का अब तक का सबसे गंभीर, रहस्यमयी और डार्क अवतार भी लगता है।

# वेस्टइंडीज का धाकड़ बल्लेबाज आंद्रे रसेल इंटरनेशनल क्रिकेट को कहने जा रहा है अलविदा

## –ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा आखिरी मैच

नईदिल्ली , वेस्टइंडीज क्रिकेट फैंस के लिए एक बड़ी खबर उस वक्त सामने आई, जब उनके क्रिकेट बोर्ड ने टीम के महान ऑलराउंडर आंद्रे रसेल पर एक पोस्ट करके थैंक्यू लिखा. जिससे क्रिकेट वर्ल्ड में ये खबर आग की तरह फैल गई की आंद्रे रसेल अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे हैं. हालांकि अभी तक रसेल ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की है. वेस्टइंडीज फैंस के लिए ये बुरी खबर निकोलस पूरन के रिटायरमेंट के ठीक बाद और भारत और श्रीलंका में होने वाले




टी20 विश्व कप से ठीक सात महीने पहले आई है.बता दें कि रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार (21 जुलाई) से शुरू होने वाली 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल किया गया है, लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो ने अपनी एक रिपोर्ट ने खुलासा किया कि वह केवल पहले दो मैच ही खेलेंगे और उसके बाद संन्यास ले लेंगे. श्रृंखला के पहले दो मैच जमैका के सबीना पार्क में खेले जाएंगे, जो रसेल का घरेलू मैदान है. ये मैच 21 और 23 जुलाई को खेले जाएंगे. जिससे उन्हें अपने घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का मौका मिलेगा.क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी एक्स पर रसेल के 15 फोटो पोस्ट करके लिखा, "शुक्रिया, ड्रे रस! 15 साल तक आपने वेस्टइंडीज के लिए पूरे दिल, जुनून और गर्व के साथ खेला. दो बार के टी20 विश्व कप चैंपियन से लेकर मैदान के अंदर और बाहर आपकी शानदार क्षमता तक, आपका प्रभाव और शानदार योगदान हमेशा हमारे दिलों में रहेगा. इस पोस्ट ने कन्फर्म कर दिया !

## एक नजर

### 21 जुलाई को पोस्ट ऑफिस में नहीं होंगे लेनदेन व ऑनलाइन कार्य

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : डाक विभाग के सभी डाकघरों में ऑनलाइन माध्यम से नई पीढ़ी की एपीटी (एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी) एप्लीकेशन लांच होने जा रहा है। केंद्र से 21 जुलाई को एपीटी एप्लीकेशन अपलोड किया जाएगा। जिस कारण जिले के सभी पोस्ट आफिसों व शाखाओं में 21 जुलाई को लेनदेन व ऑनलाइन संबंधी कार्य नहीं होंगे।

डाक अधीक्षक पौड़ी दीपक शर्मा ने बताया कि पूरी तरह से इंटरनेट के माध्यम से संचालित होने वाली यह तकनीक एक उन्नत आईटी प्रणाली है। इस एप्लीकेशन से डाक विभाग के उपभोक्ताओं को तेज सेवा वितरण, अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस व बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए लांच किया जा रहा है। इसका उद्देश्य डाक विभाग की सेवाओं को और अधिक कुशल और आधुनिक बनाना है। उन्होंने बताया कि केंद्र से 21 जुलाई को एपीटी एप्लीकेशन अपलोड किया जाएगा। जिसके चलते इस दिन जिले के सभी पोस्ट आफिसों व शाखाओं में 21 जुलाई को लेनदेन व ऑनलाइन संबंधी कार्य नहीं हो पाएंगे। हालांकि डाक वितरण के कार्य किए जाएंगे।

### अस्थाई अतिक्रमण नहीं हटाया तो पालिका करेगी चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहर में अतिक्रमण और पार्किंग व्यवस्था को लेकर गुरुवार को एसडीएम के नेतृत्व में संयुक्त निरीक्षण किया गया। मौके पर जो भी अस्थाई दुकानें अतिक्रमण कर रही है उन्हें हटाने को कहा गया। साथ ही शहर में बनी सभी पार्किंग को संचालित किए जाने के लिए पालिका को निर्देश दिए गए। एसडीएम दीपक रामचंद्र शेट ने बताया कि जिन प्रतिष्ठान स्वामियों ने अस्थाई तौर पर अतिक्रमण किया हुआ उनसे इसे हटाने के लिए कहा गया है। कहा कि यदि ये नहीं हटते है तो पालिका इनका नियमानुसार चालन करें।

पौड़ी में पार्किंग को लेकर आए दिन परेशानी रहती है। इस संबंध में डीएम ने पालिका, प्राधिकरण और राजस्व विभाग को संयुक्त निरीक्षण के निर्देश दिए थे। गुरुवार को पौड़ी के एसडीएम दीपक रामचंद्र शेट नेतृत्व में संयुक्त टीम ने शहर का निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि जेल गदेरे के पास दो पहिया पार्किंग, आरटीओ दफ्तर के पास पार्किंग आदि को देखा गया है। पालिका को शहर में बनी सभी पार्किंगों के संचालन के लिए कहा गया है। पौड़ी एजेंसी चौक पर बनी पार्किंग के संचालन को लेकर भी कदम उठाने के निर्देश दिए गए है। निरीक्षण में पौड़ी पालिका के ईओ शांति प्रसाद जोशी, प्रधारिकरण के एई रणवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में रोपा पौधा

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पौध रोपते हुए कहा कि वृक्ष हमारे धरोहर के साथ जीवन के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक-एक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने का आग्रह किया। डॉ. रावत ने मेडिकल कॉलेज एवं बेस अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर इमरजेंसी में सीनियर डॉक्टर की मौजूदगी को आवश्यक बताया, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कहा कि अस्पताल की जिम्मेदारी मरीज को सुविधा देकर शीघ्र स्वस्थ बनाने की है। डॉ. रावत ने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था को भी सुधारने के निर्देश दिए। कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीज और तीमारदार को उपचार से पहले साफ-सफाई और डॉक्टर की मौजूदगी दिखनी चाहिए, जिससे मरीज की मानसिक तौर पर बीमारी को कम किया जा सके। डॉ. रावत ने कलियासौड़ में बनने वाली पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण कर तहसील प्रशासन को पार्किंग स्थल की मौजूदा स्थिति को चिन्हित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले समय में पार्किंग के बन जाने से मां धारी देवी के दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को गाड़ी पार्क करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

### 75 फीसदी मतदान कराने का लक्ष्य

रुद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए इस बार जनपद में 75 फीसदी मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई है। निर्वाचन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। कुल 333 ग्राम पंचायतों के लिए 335 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जबकि 459 मतदान स्थल बनाए गए हैं।

इसके लिए 2500 से अधिक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देकर तैयार कर दिया गया है। (एजेंसी)

# साधू का भेष बनाकर घूम रहे दो संदिग्ध गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में साधु का भेष बनाकर घूम रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यक्तियों के पास कोई पहचान पत्र भी नहीं है। ऐसे में पुलिस इनकी जानकारी जुटाने के प्रयासों में जुटी हुई है।

वर्तमान में पुलिस की ओर से आपरेशन कालनेमि अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पूरे प्रदेश में कई संदिग्धों को साधु का भेष बनाकर घूमते हुए पकड़ा गया है। अभियान के तहत कोटद्वार में भी पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को संदिग्ध अवस्था में बाबा के भेष में घूमते हुए दो व्यक्ति नजर आए। जब पुलिस ने उनसे पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज मांगें तो वह गोल-मोल जवाब देने लगे, जिसके बाद पुलिस दोनों को पकड़ कर कोतवाली लेकर आ गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश तनवार ने बताया कि व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके बारे में पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। कहा कि इस तरह के व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने शहरवासियों से भी ऐसे संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी देने को कहा। कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए लोगों को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए।



कोटद्वार पुलिस की हिरासत में संदिग्ध व्यक्ति

### बोर्ड परीक्षा के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से इंटर कॉलेज लालपानी में बोर्ड परीक्षा के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सदस्यों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। कहा कि लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने वालों को सफलता अवश्य मिलती है।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल व डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश कोठारी ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अव्वल विद्यार्थियों से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर टापर व राज्य स्तर पर वरीयता सूची में 25वां स्थान प्राप्त करने वाली प्रियांशी रावत को सम्मानित किया गया। डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश कोठारी ने प्रियांशी रावत को शाल व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्या वंदना भारद्वाज, पीएल खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# यात्री शेड निर्माण में अनियमितता का आरोप



सिम्मलचौड़ में बनाया गया यात्री शेड

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बहुजन समाज पार्टी ने कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड नं 22 सिम्मलचौड़ में विधायक निधि से निर्मित यात्री शेड निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है। कहा कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

इस संबध में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष विकास आर्य की ओर से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि विधायक निधि से ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखंड कोटद्वार द्वारा सिमलचौड़ में निर्मित यात्री शेड के निर्माण में अनियमितता की गई है। कहा कि निर्माण कार्य में सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। यात्री शेड के समक्ष ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखंड कोटद्वार द्वारा 4.50 लाख रुपये लागत का बोर्ड लगाया गया है, लेकिन यात्री शेड की हालत दयनीय है। ज्ञापन में उन्होंने जिलाधिकारी से इस तरह हो रहे निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# वार्डवासियों ने गैस एजेंसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

### भाबर स्थित गैस एजेंसी पर लगाया अनियमितता का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत भाबर क्षेत्र में संचालित हो रही एक गैस एजेंसी पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए वार्डवासियों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने शासन-प्रशासन से गैंस एजेंसी की जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई। कहा कि उपभोक्ताओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोग आंदोलन को मजबूर होगें। पार्षद सौरभ नौडियाल के नेतृत्व में गुरूवार को लोगों ने गैस एजेंसी के समीप प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी गैस एजेंसी उपभोक्ताओं की अनदेखी कर रही है। क्षेत्र में लगातार क्षमता से कम गैस सप्लाई हो रही है। पूर्व में कई बार परिवहनकर्ताओं की ओर से सिलेंडर से गैस निकाले जाने का वीडियो भी प्रशासन को उपलब्ध करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थिति देखकर लगता है कि प्रशासन भी उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। यदि जल्द गैस एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो उपभोक्ताओं को मजबूरन प्रदर्शन करना पड़ेगा। उपभोक्ताओं की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर सरिता रावत, उजागर पुंडीर, अनीता बिष्ट, ज्योति रावत, अनीता रावत, पिंकी चौहान, रीना जोशी, प्रमोद केष्टवाल, सोहन सिंह, शशि रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में प्रदर्शन करते लोग

### विद्यालय में भगवत गीता के श्लोक पढ़ाए जाने का विरोध

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने सरकारी विद्यालयों में प्रतिदिन भगवत गीता के श्लोक पढ़ाए जाने का विरोध किया है। कहा कि विद्यालयों में अन्य धर्म व जाति के विद्यार्थी भी शिक्षा ग्रहण करते हैं। निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखंड के 15 जुलाई को जारी प्रार्थना सभा में भगवत गीता के श्लोक को शामिल करने संबधी आदेश का अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की गढ़वाल मंडल कार्यकारिणी ने विरोध किया है। गुरुवार को यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार पाठक ने कहा कि भागवत गीता हिन्दू लोगों का पवित्र ग्रंथ है। कहा कि संविधान में उल्लेख है कि सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती है। सरकारी विद्यालयों में सभी धर्मो के छात्र अध्ययन करते हैं। ऐसे में दूसरे समुदाय के छात्रों में रोष पैदा होने की संभावना है। इस तरह के आदेशों से सामाजिक समरसता और समावेशी शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति नहीं हो सकती है। मौके पर उन्होंने छात्र हित में सरकार से इस आदेश को वापस लेने की मांग की है।

# गुलदार का आतंक, दहशत में वार्डवासी



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर दो कुंभीचौड़ क्षेत्र में पिछले कई दिनों से गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार लगातार लोगों के पालतू जानवरों को निवाला बना रहा है। शाम ढलते ही लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने वन विभाग से समस्या के निराकरण की मांग की है। कहा कि लोगों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कुंभीचौड़ निवासी राकेश रावत की गोशाला के बाहर बंधी दो साल की बछिया को गुलदार ने निवाला बना दिया है। सुबह जब राकेश रावत की पत्नी गोशाला में गाय का दूध दोहने गई तो वहां पर बछिया मृत अवस्था में पड़ी मिली। गुलदार ने बछिया के एक हिस्से को पूरी तरह से नोच दिया था। राकेश रावत ने बताया कि इस क्षेत्र में अंधेरे का लाभ उठाकर गुलदार की धमक बनी रहती है। कहा कि पूरे क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें न होने से चारों तरफ अंधेरा रहता है, जिसके कारण आए दिन गुलदार इस क्षेत्र में दिखाई देता है। इधर, क्षेत्रीय निवासी दीपक पांडे ने बताया कि गुलदार अभी तक कई पालतू कुत्तों को भी निवाला बना चुका है। कहा कि अंधेरे में गुलदार लोगों पर भी हमला कर सकता है। उन्होंने नगर निगम से क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाने व वन विभाग से गुलदार के आबादी क्षेत्र में आने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है।

# अपात्र राशन कार्ड धारकों के आयुष्मान कार्ड होंगे निरस्त

### 1 अगस्त से शुरू होगा राशन कार्डों का सत्यापन अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति एस. भदौरिया ने पूर्ति विभाग को रसद की गुणवत्ता की नियमित जांच करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त रसद उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। कहा कि जिन गोदामों में एक से अधिक स्थानों से गेहूं व चावल की आपूर्ति होती है, उनके प्रस्ताव शासन को भेजे जाए। इससे मॉनिटरिंग भी सरल व पारदर्शी होगी। गुरुवार को पूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए डीएम स्वाति एस. भदौरिया ने 1 से 15 अगस्त तक राशन कार्डों के सत्यापन के लिए भी अभियान चलाते हुए अपात्रों के कार्ड निरस्त करने को कहा है। डीएम ने कहा कि निरस्त कार्डों की सूची सीएमओ को दी जाए, ताकि इस आधार पर आयुष्मान कार्ड निरस्त किए जा सके। एसडीएम भी रैंडम सत्यापन कर समीक्षा करेंगे। डीएम ने कहा कि यदि घटतोली की शिकायत आदि है तो इसकी जांच की जाएं। डीएम ने गैस एजेंसियों के लिए वितरण रोस्टर बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में भी गैस सप्लाई नियमित हो सके। डीएम ने पेट्रोल व रसद की उपलब्धता की रिपोर्ट नियमित देने व अंत्योदय गैस रिफलिंग की सघन निगरानी करने को कहा। एडीएम को को निर्देश दिए कि घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग किसी भी स्थिति में न हो, विशेषकर कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों में इसकी सघन जांच की जाए। बैठक में डीएसओ अरुण कुमार ने बताया कि आपदा के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों में रसद भेजा जा चुका है। ई-प्वाइंट ऑफ सेल मशीनों से वितरण किया जा रहा है।

# प्राथमिक चिकित्सालय झंडीचौड़ में चलाया स्वच्छता अभियान

### संकल्प फाउंडेशन और जीआईसी झंडीचौड़ उत्तरी के स्वंय सेवियों की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि कोटद्वार : भाबर के प्राथमिक चिकित्सालय झंडीचौड़ में संकल्प फाउंडेशन और जीआईसी झंडीचौड़ के स्वंय सेवियों की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर में पालीथीन, गाजर घास उन्मूलन के साथ ही झाड़ियों का कटान किया गया।

संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह रावत ने बताया कि बरसात के मौसम में चिकित्सालय परिसर में जगह-जगह झाड़ियां और गाजर घास उग गई थी। वर्तमान में भाबर क्षेत्र में कई सर्पदंश के मामले आने पर सर्तकता और सावधानी बरतने हेतु सफाई अभियान चलाना आवश्यक हो गया था। संस्था के सदस्यों और व्यायाम शिक्षक सुरेश सिंह के नेतृत्व में जीआईसी झंडीचौड़ उत्तरी के स्वयं सेवियों ने अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अस्पताल परिसर में उगी 5-6 फीट लंबी झाड़ियां, गाजर घास के अलावा पालीथीन उन्मूलन भी किया गया। साथ ही स्वंय सेवियों ने अस्पताल के अंदर कमरो की साफ-सफाई की। संस्था के पदाधिकरियों ने अस्पताल प्रशासन से समय-समय पर परिसर में सफाई अभियान चलाने की अपील की। इस अवसर पर पार्षद रजनीश बेबनी, चिकित्साधिकारी मनोज कुमार, डॉ. रश्मि बिष्ट, आकांशा रावत, नैन सिंह, प्रियांशु चंद, विशाल माने, हिमांशु शाह, दिव्यांशु माने आदि मौजूद रहे।



भाबर क्षेत्र में अभियान चलाते सदस्य

# फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : लगातार समस्याएं उठाने के बाद भी उनका निराकरण नहीं होने पर सिगड्डी ग्रोथ सेंटर स्थित एल्डिको कंपनी में ठेकेदारी प्रथा के अधीन काम कर रहे कर्मचारियों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि सुविधाओं के अभाव में उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में कर्मचारियों ने उपजिलाधिकारी के साथ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को भी ज्ञापन दिया। कहा कि कर्मचारी पूरी मेहनत व ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं। बावजूद वर्तमान में कंपनी में कार्यरत श्रमिकों को शासन स्तर पर स्वीकृत वेतन नहीं दिया जा रहा है। कहा कि श्रमिकों का ईएसआई व पीएफ भी नहीं काटा जाता है। श्रमिकों को समय से वेतन भी नहीं दिया जाता है, जिस कारण श्रमिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सिडकुल क्षेत्र में स्थित कंपनियों में 80 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार दिए जाने की मांग की है। इसके अलावा श्रमिकों का ईएसआई, पीएफ को लागू किए जाने, रविवार को काम करवाने के बदले डबल पैसा दिए जाने, अन्यथा रविवार को अवकाश दिए जाने, सभी श्रमिकों को समय पर वेतन दिए जाने, सभी श्रमिकों को समान रूप से गेट पास दिए जाने की मांग की है। इस मौके पर सुनील, रवींद्र कुमार, मनोज कुमार, अरविंद नेगी, अनिल, सोबन सिंह, रामचंद्र मौजूद आदि रहे।



कोटद्वार में महापौर शैलेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन देते कर्मचारी

### गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

श्रीनगर गढ़वाल : गैस सिलिंडर की आपूर्ति कम होने से श्रीनगर में उपभोक्ता परेशान हैं। जानकारी के अनुसार जुलाई माह के शुरू से अभी तक गैस की किल्लत बनी हुई है। उपभोक्ता गैस बुकिंग तो करा रहे हैं लेकिन उन्हें पर्याप्त मात्रा में सिलिंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

श्रीनगर इंडेन गैस एजेंसी के अनुसार जुलाई माह के शुरू से ही गैस सिलिंडर की सुचारु आपूर्ति में व्यवधान हुआ है। एक ओर जहां प्रतिदिन एक ट्रक (288 सिलिंडर) व कॉमरशियल 24 सिलिंडर से भरा हुआ श्रीनगर पहुंचता था, वहीं अब दो दिन में एक ट्रक ही श्रीनगर पहुंच रहा है। सिलिंडर कम आपूर्ति होने से श्रीनगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों को गैस बुकिंग करने के बाद भी इंतजार करना पड़ रहा है। (एजेंसी)

# डॉ. रावत को मिली बेस अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी

श्रीनगर गढ़वाल : मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के बेस चिकित्सालय श्रीकोट में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। सर्जरी विभाग के एचओडी एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राकेश रावत को चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि डिप्टी चिकित्सा अधीक्षक ब्लड बैंक की प्रोफेसर डा. दीपा हटवाल को बनाया गया है। नई जिम्मेदारियों को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने आदेश जारी किए हैं। डॉ. सयाना ने बताया कि यह बदलाव विभागीय रूटीन प्रक्रिया के तहत किया गया है, जिसके अंतर्गत विभिन्न वरिष्ठ चिकित्सकों को प्रशासनिक अनुभव के आधार पर अवसर प्रदान किया जा रहा है। नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रावत एवं डिप्टी एमएस डा. हटवाल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों, आपातकालीन विभाग, ओपीडी एवं मैटर्न स्टाफ से संवाद स्थापित कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को दी जा रही सेवाओं और स्टाफ की उपस्थिति की भी बारीकी से समीक्षा की। पूर्व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने डॉ. रावत को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में अस्पताल की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति शिव कुमार के नाम पर मुख्य डाकघर कोटद्वार में किसान विकास पत्र है, जिसमें मैं नॉमिनी हूं, जिसमें मेरा मेरा नाम भूलवश भगवन्ती देवी दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम बबली पत्नी शिव कुमार है, जो कि मेरे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य दस्तावेजों में अंकित है। भगवन्ती देवी एवं बबली एक ही महिला याने मेरे ही नाम है तथा मुझे उक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता है।

**बबली पत्नी शिव कुमार निवासी सिद्धबली मार्ग, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1103/21)

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन एवं ई.वी चार्जिंग कम पार्किंग के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक **01.08.2025** को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**2158/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पालिका को मिला 63वां स्थान

### पालिका का अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में 20 तक की रैंकिंग में आने का लक्ष्य

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्वच्छता सर्वेक्षण की रिपोर्ट में पौड़ी नगर पालिका ने इस बार कुछ सुधार किया है। इस बार पौड़ी नगर पालिका को स्वच्छता सर्वेक्षण में 63वां स्थान मिला है। पिछले सर्वेक्षण में पौड़ी नगर पालिका का इस सर्वेक्षण में 78वां स्थान था। इस सर्वेक्षण में घर-घर से कूड़ा निस्तारण, ओडीएफ, कूड़े का रिसाइकिल प्रोसेस और स्टार रैटिंग आदि शामिल होता है। ईओ एसपी जोशी ने बताया कि पालिका का लक्ष्य अगले स्वच्छता सर्वेक्षण में कम से कम पहले 20 तक की रैंकिंग में आने का है और इस दिशा में काम भी शुरू कर दिया गया है।पौड़ी नगर पालिका ने इस बीच ओडीएफ यानी खुले में शौच में शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही डोर-टू-डोर कूड़ा निस्तारण में भी पहले से हालत कुछ ठीक किए हैं। हालांकि पालिका स्टार रैटिंग जिसमें उत्तम गुणवत्ता वाले शौचालय आदि आते हैं इसमें पिछड़ी है।

ये सुविधा अभी तक प्रदेश की बेहद कम नगर निकायों में देखने को मिल रही है। पौड़ी पालिका के अधिशासी अधिकारी शांति प्रसाद जोशी ने बताया कि इस बार के सर्वेक्षण में पालिका का 63वां स्थान आया है। हालांकि यह रिपोर्ट बीते साल की प्रगति पर आधारित है। इस बीच पालिका ने कई सुधार और भी कर दिए हैं। जिसमें शोरस सेग्रीगेशन से लेकर प्लास्टिक रिसाइकलिंग और यूजेज चार्ज आदि में काफी सुधार किया है। पालिका जल्द ही घरों में क्यूआर कोड भी लगाने जा रही है इससे पता चल सकेगा कि कूड़ा निस्तारण के लिए गाड़ी या डोर-टू-डोर की सुविधा शहरवासियों को मिल रही है या नहीं। ये प्रोसेस पूरी तरह से ऑन लाइन है और भवन स्वामी अपने मोबाइल के जरिए ही कूड़ा निस्तारण को लेकर यदि को दिक्कत है तो शिकायत भी कर सकता है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री करेगें एनआईटी के निर्माण कार्य का लोकार्पण

श्रीनगर गढ़वाल : विधानसभा श्रीनगर के दौरे पर पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एनआईटी के अस्थायी परिसर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने निर्माणदायी कंपनी को गुणवत्ता और समय सीमा तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। डॉ. धन सिंह ने कहा कि दिसंबर माह तक एनआईटी के निर्माण कार्य का लोकार्पण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा किया जायेगा। कहा कि श्रीनगर में बने सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का लोकार्पण होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि श्रीनगर विधानसभा के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। मेडिकल कॉलेज के छात्रों के लिए 150 बैडों का छात्रावास का निर्माण कार्य गतिमान है, जिसका जल्द लोकार्पण किया जायेगा।

01382-222219

"जल संचय–जीवन संचय" फैक्स नं0–01382-222219

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान**

**बद्रीनाथ मार्ग, नियर बुद्ध पार्क, कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)**

Email ID:— ujs _eekotdwar@rediffmail.com/ujseekotdwar@gmail.com

पत्रांक 1325/ निविदा सूचना / / 2025-26 दिनांक 17/7/2025

**संशोधन पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1268/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक 10.07.2025 द्वारा ई-निविदायें आंमत्रित की गयी थी जिसमें निविदा डाउनलोड की तिथि 17.07.2025 को सांय 5.00 बजे से, निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि 28.07.2025 सांय 5.00 बजे तक, निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 29.07.2025 सांय 5.00 बजे तक एवं निविदा को खोले जाने की तिथि 30.07.2025 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा निरस्त की जाती है जो कि उत्तराखण्ड की वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर ऑन लाइन देखी नहीं जा सकेगी।

अधिशासी अभियन्ता

(1104/67)

## संक्षिप्त समाचार

### कामिकों को जल्द दी जाएगी मतगणना की ट्रेनिंग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पंचायत चुनाव के लिए होने वाली मतगणना में तैनात किए जाने वाले कार्मिकों का पहला रेंडमाइजेशन गुरुवार को किया गया। पौड़ी जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। पहले चरण में आठ ब्लॉकों और दूसरे चरण में 7 ब्लॉकों में ग्राम पंचायत सदस्य से लेकर ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की सीटों के लिए मतदान होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ किया गया है। पंचायत चुनाव की सभी तैयारियां समय से पूरी की जा रही है। पौड़ी जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में हो रहे हैं। पहले चरण में जिले के 8 ब्लाकों में आने वाली ग्राम पंचायत सदस्य से लेकर ग्राम प्रधान, बीडीसी और जिला पंचायत सदस्यों की सीटों के लिए वोटिंग होगी। इसके बाद दूसरे चरण में इन्हीं पंचायत पदों के लिए 7 ब्लाकों में वोट डाले जाएंगे। रेंडमाइजेशन के बाद अब कार्मिकों को जल्द ही मतगणना की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिले में पंचायत चुनाव के लिए पहले रेंडमाइजेशन में 1592 मतगणना सहायक और 398 मतगणना पर्यवेक्षक शामिल किए गए हैं। इस मौके पर एनआईसी में डीडीओ मनविंदर कौर, डीईओ माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शरारती तत्वों ने एक दर्जन से अधिक बाइकें तोड़ी

रुद्रप्रयाग : जनपद की ग्राम पंचायत लमेरी के सिमार तोक में बीती रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने गांव के लोगों की एक दर्जन से अधिक बाइकें को बड़ी क्षति पहुंचाई है। अधिकांश बाइकों के शीशे, सीट, नम्बर प्लेट सहित डिसप्ले मीटर को बुरी तरह तोड़ा गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर घोतलीर पुलिस ने मौका मुआयना किया है, जबकि अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। जानकारी के अनुसार सिमार तोक के कुछ लोग जब सुबह दूध देने गांव से नीचे की ओर आए तो देखा कि गांव के नीचे सड़क पर जहां लोगों की बाइकें खड़ी रहती थी, सभी बाइकों को बुरी तरह क्षति पहुंचाई गई। सूचना गांव में पहुंची तो गुरुवार 6 बजे सभी ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण वींरेंद्र सिंह ने बताया कि एक दर्जन से अधिक युवाओं की बाइकें तोड़ी गई है, जिनमें सुमित सिंह बिष्ट, राजेंद्र सिंह नेगी, मंगल सिंह बिष्ट, कमल सिंह नेगी, जगवीर सिंह बिष्ट, सचिन नेगी, विशाल बिष्ट, देवेंद्र बिष्ट, मोहित बिष्ट, कैलाश थपलियाल, भूपेंद्र थपलियाल, बविन सिंह बागुडी, विनय बिष्ट एवं दीपक वंसल शामिल हैं। जबकि कार को भी क्षति पहुंचाई गई। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी घोलतीर को मामले की सूचना दी है जिसके बाद घोलतीर चौकी प्रभारी सुरेंद्र लाल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस घटना की गहनता से जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। राइंका रतूड़ा और पॉलीटेक्निक रतूड़ा से गांव की ओर रात को आने वाले वाहनों की पड़ताल की जाए। ताकि घटना का पर्दाफाश हो सके। इधर, रुद्रप्रयाग कोतवाली निरीक्षक मनोज नेगी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा तहरीर आई तो मामले में मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

नई टिहरी : सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए एआरटीओ (प्रवर्तन) सतेंद्र राज के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के सहयोग से विद्यालयों में रोड सेफ्टी कॉर्नर विकसित किए जा रहे है। प्रोजेक्ट के तहत जिले के पांच स्कूलों का चयन किया गया है। एआरटीओ सतेंद्र ने बताया कि आरटीओ (प्रवर्तन) देहरादून संभाग अनीता चमोला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा के लिए विभाग लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। बताया कि शासन की ओर से चयनित जिला मुख्यालय के जीजीआईसी बौराड़ी, जीआईसी छाम-कंडीसौड़, भिलंगना के जीआईसी केमर, जीआईसी चमियाला, प्रतापनगर जीआईसी ओखला कांडा में रोड सेफ्टी कॉर्नर विकसित जा रहे है। जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधी नियमों की जानकारी देना है। इसके तहत स्कूल में कॉर्नर का चयन कर कम से कम दो दीवारें जो आपस में कनेक्ट होती हैं, वहां पर डिजाइन किया जाएगा। दीवार पर पेंटिंग व फ्लैक्स के मामध्य से स्लोगन और अन्य जानकारी दी प्रदर्शित की जाएगी। बताया कि देश में सबसे ज्यादा मौतों के मामले में सड़क दुर्घटना प्रमुख कारक है। लिहाजा विद्यार्थियों को यातायात नियमों की गहन जानकारी होनी जरूरी है। (एजेंसी)

# सीएम का सख्त रुख, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ विजिलेंस को दी खुली छूट



जयन्त प्रतिनिधि।

## 2021 में सिर्फ पांच गिरफ्तारी, 2024 में 38 तक पहुंची गिरफ्तारियों की संख्या

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजिलेंस को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए खुली छूट प्रदान की हुई है। इसका असर, साल दर साल बढ़ते विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों की संख्या में रूप में नजर आ रहा है। यही नहीं मजबूत साक्ष्य के आधार पर विजिलेंस गत साढ़े चार साल में 71 प्रतिशत मामलों में आरोपियों को कोर्ट से सजा दिलाने में कामयाब रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य का पदभार संभालते ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पर रुख साफ कर दिया था। इसका साफ असर विजिलेंस की कार्यवाही में नजर आ रहा है। बीते चार साल में बडे से बड़े आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्य में साल दर साल विजिलेंस ट्रैप और गिरफ्तारियों के साथ ही सजा के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। इस दौरान विजिलेंस ने कुल 82 ट्रैप में 94 गिरफ्तारियों को अंजाम दिया, जिसमें 13 राजपत्रित अधिकारी शामिल हैं। बीते साढ़े चार साल से विजिलेंस के पास कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 18 में सामान्य जांच, 25 में खुली जांच के बाद 82 ट्रैप किए गए। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस ठोस साक्ष्य और मजबूत पैरवी से कोर्ट में सजा की दर को भी 71 प्रतिशत तक ले जान में कामयाब रही है। इससे साफ है कि सरकार भ्रष्टाचार की समस्या को जड़ से खत्म करने के मिशन पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सतर्कता विभाग ने शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नम्बर 1064 भी जारी किया है। यही नहीं मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को अंतिम फैसला आने तक आरोपियों को पूर्व के दायित्व या अहम जिम्मेदारी नहीं देने के साथ ही ट्रैप के मामलों में अभियोजन की प्रक्रिया में तेजी जाने के निर्देश दिए हैं।

**भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार जारी**

| वर्ष | गिरफ्तारी | निर्णय | सजा |
|---|---|---|---|
| 2021 | 07 | 02 | 02 |
| 2022 | 15 | 03 | 01 |
| 2023 | 20 | 18 | 16 |
| 2024 | 38 | 13 | 07 |
| 2025 | 14 | 03 | 02 |

(नोट साल 2025 के आंकड़े जुलाई 15 तक के हैं)

### माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई की मांग

रुद्रप्रयाग : कांवड़ यात्रा के नाम पर कुछ लोग तथाकथित भक्त बनकर शांत वादियों में अराजकता का माहौल पैदा कर रहे हैं। आस्था के नाम पर आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। मारपीट और अभद्रता कर गढ़वाल के माहौल को खराब किया जा रहा है। सड़क पर माता-बहनों का चलना भी मुश्किल हो गया है। गुरुवार में प्रेस वार्ता में यह बात विश्व अखाड़ा परिषद के गो रक्षा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष रोहित डिमरी ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर के महापर्व सावन मास का उत्सव कुछ अराजक लोग अशांति में बदल रहे हैं। जहां इस यात्रा से प्रेम, सौहार्द और एकजुटता का संदेश दिया जाना था, वहीं इस यात्रा में कुछ तथाकथित कांवड़ियों के भेष में आकर यात्रा को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।

शहर से लेकर ग्रामीण बाजारों में अशांति का माहौल बन गया है। सड़क में चलना माताओं और बहनों का मुश्किल हो गया है।

# संयुक्त निदेशक ने पॉलिटेक्निक कॉलेज की भूमि का किया निरीक्षण

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत जोगणीसैंण में स्वीकृत पॉलिटेक्निक कॉलेज को लेकर गुरुवार को प्राविधिक शिक्षा उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी, जिसके बाद पॉलिटेक्निक के निर्माण कार्य को लेकर निर्णय लिया जायेगा।

विदित हो कि 14 दिसंबर 2016 को कांग्रेस शासनकाल में यहां पॉलिटेक्निक का शिलान्यास कर निर्माण कार्य शुरू करवाया गया था, जिसके लिये ग्रामीणों ने 110 नाली भूमि भवन बनाने के लिए सरकार को दान की थी, लेकिन भवन का बनना तो दूर, यहां भूमि का समतलीकरण एवं सुरक्षा दीवार के मरम्मत का कार्य आधा-अधूरा छोड़ कर निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। ग्रामीणों के अनुरोध पर देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने लंबित पॉलिटेक्निक के लिए नाबार्ड द्वारा तीन करोड़ 25 लाख की वित्तीय स्वीकृति कराई, जिसके कुछ समय बाद पुनः कार्य शुरू किया गया, लेकिन वह भी बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पालिटेक्निक के निर्माण कार्य शुरू किए जाने की मांग को लेकर कई बार सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लगातार शिकायतें दर्ज करवाई जा रही थी, लेकिन किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। कहा कि लम्बे समय से क्षेत्र के ग्रामीण पालिटेक्निक निर्माण कार्य की मांग कर रहे हैं, किंतु पालीटेक्निक का निर्माण कार्य फाइलों तक ही सीमित रह गया है। ग्रामीणों की लगातार शिकायत करने के बाद गुरुवार को उत्तराखंड के संयुक्त निदेशक देवेंद्र गिरी ने जोगणीसैंण पॉलिटेक्निक की भूमि का निरीक्षण किया।

# निर्माणाधीन पार्किंग का कार्य जल्द पूरा करें : डीएम

नई टिहरी : जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जिला विकास प्राधिकरण की बैठक लेते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बौराडी, थत्यूड़ मुख्य बाजार, लंबगांव और खारास्त्रोत पार्किंग संचालन के निर्देश दिए गए। कहा कि लंबगांव पार्किंग के संचालन को नगर पंचायत और थत्यूड़ हेतु जिला पंचायत की बोर्ड से प्रस्ताव पास करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने हिंडोलखाल में दुकानें बनाने के भी निर्देश दिए। वीरवार को डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण चंबा ने देवप्रयाग, कीर्तिनगर में पार्किंग निर्माण कार्य की प्रगति बताई। डीएम ने अक्टूबर तक पार्किंग निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मोटा नाला के समीप की पार्किंग हेतु मिट्टी की जांच कार्य किए जाने, देवप्रयाग बाजार में पार्किंग हेतु नगर पंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने, धनोल्टी पार्किंग का संचालन जिला पंचायत को देने को कहा गया। घनसाली में पार्किंग निर्माण का कार्य शुरू करने हेतु संशोधित प्राक्कलन बना कर जल निगम को टेंडर करने को कहा। बैठक में अवगत कराया गया कि चमियाला में पार्किंग निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव होना है। इसके लिए व्यापार मंडल से निःशुल्क भूमि देने का अनुरोध किया गया है। जमणीखाल पार्किंग का आगणन शासन को भेज दिया गया है। नई टिहरी में मल्टीलेवल पार्किंग की डीपीआर बनाने को कहा।

### लगातार भारी बारिश से सेब आदि नगदी फसलों को नुकसान, बागवान चिंतित

उत्तरकाशी। क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के कारण सेब आदि नगदी फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। आसमान साफ न होने और धूप न खिलने से सेब के दाने का आकार विकसित नहीं हो पा रहा है, जिस कारण बागवान चिंतित नजर आने लगे हैं। मोरी विकासखण्ड में 90 प्रतिशत बागवानों का मुख्य व्यवसाय सेब, नासपती, आड़ू, खुमानी आदि नगदी फसलें हैं। जिनसे बागवान अपनी आजीविका चलाते हैं। इस बार लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जहां सेब बगीचों में सेब का आकार न बनने से लोग चिंतित हैं। वहीं सेब, नाशपाती तुड़ाई का सीजन भी दो से तीन सप्ताह आगे चला गया है। आपको बता दें कि सेब के साईज बनने के लिए आसमान का साफ होना और धूप खिलनी आवश्यक माना जाता है।


# श्री नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** 2026 में आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध श्री नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में यात्रा से संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।




गौरतलब है कि नंदा देवी राजजात यात्रा लगभग 280 किलोमीटर लंबी होती है, जिसमें से 207 किलोमीटर का क्षेत्र पैदल मार्ग का है और 73 किलोमीटर वाहन से तय किया जाता है। वापसी में लगभग 60 किलोमीटर की दूरी वाहन से तय की जाती है। वर्ष 2014 की यात्रा में लगभग 1.50 लाख श्रद्धालुओं ने भाग लिया था और इस वर्ष इस संख्या में और अधिक वृद्धि की संभावना है। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार से सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस बल की तैनाती, जनपद स्तर पर सुरक्षा कर्मियों का प्रशिक्षण, भीड़ नियंत्रण निगरानी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और अत्याधुनिक संसाधनों का प्रयोग कर यात्रा मार्ग पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को यात्रा मार्ग और पड़ावों पर चिकित्सकीय सुविधा, एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ और जरूरी दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों की एक संयुक्त टीम गठित की जाए, जो यात्रा मार्ग का भौतिक निरीक्षण (रूट सर्वे) कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। साथ ही, वन विभाग के डीएफओ को वन क्षेत्र में यात्रा मार्ग को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नगर पंचायत बद्रीनाथ के अधिशासी अधिकारी (ईओ) के साथ समन्वय स्थापित कर यात्रा मार्ग पर सॉलिड वेस्ट प्रबंधन हेतु एसओपी तैयार करें, ताकि ठोस अपशिष्ट कचरे का निस्तारण किया जा सके। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, डीएफओ बद्रीनाथ सर्वेश कुमार दुबे, जिला पर्यटन अधिकारी अरविंद गौड़, जिला पूर्ति अधिकारी अंकित पाण्डेय और अन्य सभी संबंधित विभागों को अधिकारी मौजूद रहे।

# गुलदार के हमले से सुरक्षित बच निकली स्कूल पहुंची बहादुर छात्रा



रुद्रप्रयाग : पहाड़ों में बरसात से जहां भूस्खलन और रास्ते टूटने की परेशानी है वहीं अब जंगली जानवरों का भी बड़ा खतरा बना है। खासकर उन ग्रामीण क्षेत्रों में जहां के स्कूली बच्चे घने कोहरे के बीच गांव से दूर स्कूल पैदल जा रहे हैं। गुरुवार को जखोली ब्लॉक स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ा में कक्षा 10वीं की छात्रा अम्बिका पुत्री जगदीश लाल अपने गांव किरोड़ा तल्ला से स्कूल के लिए पैदल चली। गांव से करीब आधा किमी. की दूरी पर जैसे ही अम्बिका स्कूल पहुंचने वाली थी कि अचानक गुलदार ने उस पर झपट्टा मार दिया। छात्रा के हाथ में बड़ा छाता था, उसने छाता गुलदार की तरफ घुमाया और भागने लगी। इसी बीच गुलदार ने उसके बैग पर हमला किया और बैग जमीन पर ही गिर गया। छात्रा किसी तरह भागते हुए सुरक्षित स्कूल पहुंच गई। जैसे ही स्कूल में उसने आपबीती सुनाई तो प्रधानाध्यापक नरेश भट्ट और अन्य शिक्षक मौके पर पहुंचे। शोर शराबा किया। इससे पहले गुलदार वहां से भाग गया। शिक्षकों द्वारा छात्रा का बैग स्कूल लाया गया। डरी, सहमी छात्रा ने बताया कि हल्की बारिश और घने कोहरे के बीच गुलदार ने अचानक पीठ पर हमला कर दिया। जैसे ही मुड़कर देखा तो गुलदार देखते ही होश उड़े गए किंतु हार न मानते हुए छाता निकालकर जान बचाई। वहीं घटना को सुनकर सभी छात्र-छात्राएं भी डर गई। इधर, प्रधानाध्यापक नरेश भट्ट ने बताया कि कोहरे और बारिश के बीच लगातार जंगली जानवर भी सक्रिय हो रहे हैं।

### पौधारोपण कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

ऋषिकेश। ऋषिनगरी में हरेला पर्व की धूम है। गुरुवार को विभिन्न संस्थाओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण अभियान चलाया। उन्होंने लगाये गये पौधों के संरक्षण का जिम्मा भी लिया। लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधे लगाने के लिये भी प्रेरित किया। ऋषिनगरी में परमंपरागत लोक पर्व हरेला हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। गुरुवार को वृहदस्तर पर पौधे लगाये गये। आयुर्वेदिक डॉक्टर्स एसोसिएशन एवं माधव सेवा सदन ने संयुक्त रूप से बैराज स्थित माधव सेवा विश्राम सदन परिसर में औषधीय एवं फलदार पौधे लगाये। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ डीके श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति संरक्षण को पौधे लगाने जरूरी है। कहा हरेला पर्व प्रकृति से प्रेम और पूजा करने का पर्व है। इस दिन को एक पेड़ मां के नाम लगाने की राज्य सरकार की योजना के प्रकृति के संवर्धन का उद्देश्य पूरा हो रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ डीपी बलोदी ने कहा कि हरेला पर्व सावन माह के कर्क संक्रांति को मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य भगवान दक्षिणायन होते है और यह ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर आने वाला पर्व है। सदन के सचिव संदीप मल्होत्रा ने कहा कि हमारे पर्व हमारे परिवार और समाज के साथ प्रकृति को भी जोड़ने का कार्य करते है।

# सड़क पर दलदल, मंडी तक नहीं पहुंच पा रहे सेब

उत्तरकाशी। पुरोला ब्लॉक के करड़ा–धलोड़ी मोटर मार्ग पर इन दिनों चल रहा चौड़ीकरण कार्य सेब बागवानों की बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। करड़ा गांव से करीब 500 मीटर पीछे स्कब्बरिंग का कार्य चल रहा है, जहां मार्ग के एक ओर लेंटर डाला गया है, जबकि दूसरी ओर दल दल मिट्टी के कारण रास्ता अत्यंत खराब हो गया है। इससे वाहनों को आवागमन करने में परेशानी उठानी पड़ रही है और सेब को मंडी तक पहुंचाने में दिक्कतें आ रही हैं। पुरोला के स्थानीय बागवान शिव प्रसाद, नैपाल सिंह, अनिल रावत, प्यारेलाल और जगमोहन सिंह आदि ने बताया कि स्कब्बरिंग का कार्य ऐसे समय में किया जा रहा है, जब सेब तुड़ान और पैकिंग का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य सेब सीजन के बाद किया जाता तो किसी प्रकार की कोई दिक्कतें नहीं आती, लेकिन वर्तमान में यह बागवानों की आजीविका पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक हफ्ते से रास्ता पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाया है। प्रतिदिन



कोई न कोई वाहन दलदल मिट्टी में फंस रहा है। कई बार ट्रैक्टर और अन्य वाहन निकालने के लिए गांववालों को खुद मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समय बगीचों में सेब तोड़े जा रहे हैं और पैकिंग का कार्य जोरों पर है। अधिकांश परिवार अपनी उपज को मंडियों तक पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में लगे हैं, लेकिन सड़क की यह हालत उन्हें चिंता में डाल रही है। बागवानों ने चेतावनी दी कि यदि अगले एक–दो दिन में मार्ग दुरुस्त नहीं किया गया तो सेब ट्रकों में नहीं जा पाएंगे और भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। सहायक अभियंता पीएमजीएसवाई सुभाष दौरियाल ने बताया कि करड़ा धलोडी मोटर मार्ग पर करड़ा गांव से पहले निर्माणाधीन स्कबर के पास सड़क धंसने की जानकारी ग्रामीणों के माध्यम से मिली,सड़क सुचारू करनें को तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने को लेकर संबंधित ठेकेदार को बता दिया गया है।

# दून विवि व आईआईटी मद्रास मिलकर करेंगे शोध

देहरादून। विभिन्न क्षेत्रों में अब दून विश्वविद्यालय आईआईटी मद्रास के साथ मिलकर शोध करेगा। इसके लिए विवि को अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की योजना के तहत आईआईटी मद्रास के पार्टनरशिप फॉर एक्सीलेरेटेड इनोवेशन एंड रिसर्च (पेअर) नेटवर्क में शामिल कर लिया गया है। विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने इसके लिए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी कामाकोटि का आभार व्यक्त किया है। प्रो. डंगवाल ने बताया कि आईआईटी मद्रास पिछले कई वर्षों से एनआईआरएफ रैंकिंग में लगातार प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि कुमाऊ विश्वविद्यालय और दून विश्वविद्यालय पूरे उत्तराखंड राज्य में केवल दो संस्थान हैं जो इस प्रतिष्ठित पेअर प्रोग्राम का हिस्सा बनने में सफल रहे हैं।इस पार्टनरशिप का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप अनुसंधान में विषय व अन्य तरह के सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देना है। प्रो. डंगवाल के अनुसार एएनआरएफ का उद्देश्य अनुसंधान और विकास को विकसित करना और बढ़ावा देना है। ताकि भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, शोध संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और इनोवेशन की संस्कृति को बढ़ाया जा सके।

### समय से पूरे हो निर्माण कार्य :अग्रवाल

ऋषिकेश। क्षेत्रीय विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विधानसभा ऋषिकेश के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्माण कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिये। गुरुवार को आयोजित बैठक में ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पूर्व मंत्री अग्रवाल को बताया कि छिद्दरवाला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य गतिमान है। इसकी लागत 02 करोड़ 49 लाख रुपये है। इसके निर्माण से आसपास के क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली फार्म में प्राइमरी स्कूल का कार्य अंतिम चरण में है, जिसकी लागत लगभग 20 लाख रुपये है, जबकि आईडीपीएल क्षेत्र में तारबाड़ का कार्य निर्माणाधीन है। पूर्व मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी न हो, इसका विशेष ख्याल रखा जाए। साथ ही समय पर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

# मॉ बेटे के लिए खतरे का सबब बने शस्त्र लाईसेंस को किया निरस्त

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने मॉ बेटे के लिए खतरे का सबब बने शस्त्र लाईसेंस को निरस्त कर दिया है। दरसल विगत जनता दिवस में रेसकोर्स निवासी विकास घिल्डियाल ने बताया कि उसकी माता पिता के तलाक होने के बाद भी उसके पिता लाइसेंसी बंदूक से उसे और उसकी माता को डराया धमकाया करते है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है। सगे बेटे व पत्नी के लिए ही खतरे का सबब बना शस्त्र को डीएम ने विशेषाधिकार प्रयोग कर मौके पर ही लाइसेंस निलंबित करने के साथ ही सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिसका विधिवत् आदेश कर दिया है। जिलाधिकारी के इस निर्णय जहां से माता व पुत्र ने राहत की सांस ली है वहीं शस्त्र लाईसेंस के नाम पर असलहा का दुरूपयोग करने वालों को भी प्रशासन का सख्त संदेश है। विशेषाधिकार का प्रयोग कर डीएम ने शस्त्र लाईसेंस को निलम्बित किया साथ ही पुलिस को सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने के भी निर्देश दिए है। एंग्री गनमैन बात–



बात में परिजनों पर बन्दूक तान देता था, जिस पर प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए लाईसेंस निलम्बित कर दिया है। जिला प्रशासन का सख्त संदेश है कि लाईसेंस का मतलब मनमर्जी की छूट नहीं; नियम कायदे न माने तो सख्त कार्यवाही तय है। सगे बेटे व पत्नी के लिए ही खतरे का सबब बन गया था शस्त्र लाईसें जिसे डीएम ने विशेषाधिकार प्रयोग कर मौके पर ही निलम्बित करने के आदेश दिए थे। साथ ही एसएसपी को सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए शस्त्र थाने में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं।

# कांग्रेसियों ने किया राजभवन के गेट पर जमकर हंगामा

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने राजभवन के गेट पर जमकर हंगामा किया। पंचायत चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर राजभवन से समय न मिलने पर सवाल उठाए। राज्य निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग की। कांग्रेसियों के विरोध के बीच पुलिस ने कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा समेत कांग्रेसियों को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। राजभवन गेट पर कांग्रेसी अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर को पहुंचे। सीधे राजभवन के गेट पर पहुंच कर जमकर नारेबाजी शुरू की। कांग्रेस अध्यक्ष माहरा ने कहा कि पंचायत चुनाव में पहले ही दिन से लगातार गड़बड़ी की जा रही है। पहले नगर निगम चुनाव और पंचायत चुनाव के बीच जानबूझ कर छह महीने का अंतर बनाया गया। इस बीच निकाय चुनाव के वोटरों को पंचायत में शिफ्ट किया गया। इसके बाद निर्वाचन आयोग भी लगातार भ्रम पैदा करने वाले आदेश पर आदेश करता रहा। पूरे देश में वोटर कार्ड को लेकर एक समान व्यवस्था है। जिसमें साफ है कि एक व्यक्ति का एक ही स्थान पर वोट हो सकता है। इसके बावजूद आयोग ने भ्रम पैदा करने वाला आदेश करते हुए कहा कि दो स्थानों पर वोट होने के बावजूद नामांकन किया जा सकता है। कहा कि रिटर्निंग ऑफिसरों ने मनमाने तरीके से प्रत्याशियों के नामांकन स्वीकार करने के साथ निरस्त भी किए। किसी के घर से कुछ दूरी पर शौचालय नहीं मिलने पर भी नामांकन निरस्त कर दिया गया। हाईकोर्ट ने इस पर फटकार लगाई। इन तमाम गड़बड़ियों को दूर करने को लेकर पिछले कई दिनों से राजभवन से समय मांगा जा रहा है, लेकिन कोई समय नहीं दिया गया। लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को हर स्तर पर दबाया जा रहा है। इसके खिलाफ विरोध जारी रखा जाएगा। इस बीच पुलिस ने कांग्रेसियों से राजभवन गेट से हटने को कहा। इस पर पुलिस और कांग्रेसियों के बीच जमकर खींचतान हुई। कांग्रेसियों ने हिरासत में लेकर



पुलिस लाइन लाकर बाद में छोड़ दिया गया। विरोध जताने वालों कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, जगदीश धीमान, अभिनव थापर आदि मौजूद रहे। –– कांवड़ में अराजकता फैलाने वाले हो गिरफ्तार राजभवन गेट पर विरोध जताने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कांग्रेस भवन में मीडिया से बात करते हुए कांवड़ मेले में जमकर अराजकता हो रही है। दुकानों में तोड़फोड़, लोगों से मारपीट की जा रही है। महिलाओं से अभद्रता की जा रही है। इस अराजकता पर रोक लगाने की बजाय सत्ता पक्ष उल्टा इसके लिए विपक्ष को ही दोषी ठहरा रहा है। कहा कि सभी अराजक लोगों को गिरफ्तार किया जाए। कहा कि श्यामपुर पुलिस चौकी में दर्ज केस में साफ है कि एक हरियाणा नंबर के वाहन वाली गाड़ी में बैठे लोगों ने स्थानीय लोगों के ऊपर गोली चलाई। जिन लोगों पर ये आरोप है, वे आज भी ऋषिकेश में हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री के साथ उनकी फोटो सार्वजनिक हो चुकी हैं। –– प्रतिबंध के बावजूद केदारनाथ में कैसे उड़ा हेलीकॉप्टर अध्यक्ष माहरा ने कहा कि केदारनाथ में हेली सेवा प्रतिबंधित है। इसके बावजूद बीकेटीसी अध्यक्ष कैसे कुछ वीआईपी लोगों के साथ हेली सेवा से केदारनाथ पहुंचे। कैसे डीजीसीए और उकाडा से मंजूरी मिली। इस पूरे प्रकरण की जांच कराई जाए।


**जयन्त**

**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com